हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार, 9 अक्टूबर, 2024

# राजनांदगांव से मानपुर अब नया नेशनल हाईवे

## केंद्र ने दी 290 करोड़ की स्वीकृति

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव से वनांचल क्षेत्र मोहला तक का सफर अब और सुगम होने जा रहा है। केंद्र के परिवहन मंत्रालय ने अब राजनांदगांव से मोहला के बीच एक नए नेश्नल हाईवे को स्वीकृति दे दी है। इसके लिए 290 करोड़ रुपए की भारी भरकम राशि भी स्वीकृत की गई है। इसके अलावा कवर्धा से राजनांदगांव होते हुए भानुप्रतापपुर के लिए भी एक नए एनएच की स्वीकृति प्रदान की गई है। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को केंद्र ने प्रदेश के लिए कुल 9 नए नेशनल हाईवे की स्वीकृति दी है। इनमें कवर्धा से राजनांदगांव होते हुए भानुप्रतापपुर एवं राजनांदगांव से मोहला तक एनएच शामिल है। कवर्धा से राजनांदगांव होते हुए भानुप्रतापपुर के लिए प्रदेश सरकार ने ही मांग की थी। वहीं राजनांदगांव से मानपुर सड़क के लिए सांसद संतोष पांडे के लगातार प्रयास के बाद यह स्वीकृति प्रदान की है। राजनांदगांव से मानपुर के 96 किलोमीटर की दूरी अब बड़े आराम से और अपेक्षाकृत कम समय में तय होगी।

### सांसद की पहल पर सहमति



केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गड़करी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ बैठक कर छत्तीसगढ़ के अन्य क्षेत्रों के साथ राजनांदगांव-मानपुर सड़क के लिए भी लगभग 290 करोड़ की स्वीकृति दी है। सांसद संतोष पांडे की पहल के बाद राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र को मिली इस सफलता से क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है।

# बैंक शाखा की मांग, किसानों ने घेरा तहसील कार्यालय

## 5 मुद्दों को लेकर आयोजित प्रदर्शन में जुटे दर्जनों गांव के किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

खुज्जी विधानसभा के कुमरदा तहसील मुख्यालय में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की शाखा की स्थापना प्रमुख मांग सहित अन्य चार मांगों को लेकर सैकड़ों किसानों ने प्रदर्शन किया। दर्जनों गांव के प्रभावित किसानों ने तहसील कार्यालय का घेराव कर राज्यपाल के नाम मांग पत्र तहसीलदार को सौंपा है। किसान नेताओं ने एक स्वर में कहा कि हमारी मांगों को लेकर ये शुरूआती चरण का आंदोलन है। अगर इस पर अमल नहीं होता है तो यह अभियान और भी जोर-शोर से चलेगा।

किसान संघ की कुमरदा तहसील इकाई के बैनर तले कुमरदा में मंगलवार को किसान अधिकार यात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ों किसान शामिल हुए। महिलाएं भी इस प्रदर्शन का हिस्सा बनी। विगत माह एक बैठक में किसानों ने तहसील मुख्यालय में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की शाखा की स्थापना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना की शेष किस्त, अघोषित बिजली कटौती बंद करने, ग्राम चिरचारीकला को पूर्ण सोसायटी का दर्जा और हसदेव में पेड़ों की कटाई रोकने की मांगों पर अभियान छेड़ने की रणनीति बनाई थी। इसके तहत ही मंगलवार को तहसील मुख्यालय में किसान एकता के नारों के साथ मांगों को लेकर आंदोलन छेड़ दिया गया।



### किसानों की सुनवाई नहीं

किसान नेता चंदू साहू ने कहा कि क्षेत्र के दर्जनों गांव समस्याग्रस्त है। सहकारी केन्द्रीय बैंक की शाखा यहां न होने से किसानों को डोंगरगांव तक दौड़ लगानी पड़ती है। वहां हमेशा ही लंबी कतार होती है। जिसके चलते एक दिन में किसानों का कार्य नहीं हो पाता। उन्हें बार-बार फेरा लगाना पड़ता है। इस परेशानी को पहले भी सामने रखा गया, लेकिन अब तक कोई नतीजा नहीं आया है। ग्राम चिरचारीकला को पूर्ण सोसायटी का दर्जा भी जरूरी मांग है। हसदेव में जंगल की कटाई तो राष्ट्रीय मुद्दा है।

### 40 गांव को मिलेगा फायदा

प्रदर्शन में शामिल हुए किसानों ने कहा कि कुमरदा में शाखा संचालित की जानी चाहिए। जिससे आसपास के तकरीबन 40 गांव के लोगों को राहत मिलेगी। हमने मिलकर इस मांग को लेकर प्रदर्शन किया है और उम्मीद करते हैं कि इस पर जल्द ही निर्णय लिया जाएगा। कुल पांच मुद्दों पर हमने आंदोलन कर ज्ञापन सौंपा है।

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग विभाग
डॉ. रितेश एन. भोस्कर
MBBS, DNB (ORTHCPEDICS), FELLOWSHIP IN ART JROPLASTY
• HIP (कुल्हा), Knee (घुटना) रिप्लेसमेंट एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
• ब्रेन एक्सीडेंट एवं ट्रामा
• सभी प्रकार के फ्रेक्चर
• पीठ दर्द या कमर दर्द (सायटिका)
• कमर में टेढ़ापन
• आर्थोस्कोपी द्वारा घुटने के लिंगामेंट का पुर्ननिर्माण
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## गांव में गहमा-गहमी, पुलिस की उपस्थिति में अंतिम संस्कार

# धर्मांतरण पर विवाद, अंत्येष्टि के लिए ग्रामीणों ने रखी शर्तें

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम अरसीटोला में मंगलवार को सुबह से ही गांव में गहमा-गहमी का माहौल बन गया था।

ग्राम अरसीटोला के ग्रामीणों ने बताया कि गांव में धनकर परिवार जो कि अपना धर्म बदलकर क्रिश्चियन धर्म अपना लिए हैं, उनके घर में एक बुजुर्ग जिनका नाम मूलचंद धनकर है की मृत्यु बीती शाम को हो गई है। जिसकी सूचना किसी गांव वालों को दी गई, जब उसके परिवार के लोग आए तो गांव के लोगों को पता चला कि मूलचंद धनकर की मृत्यु हुई है। जिसके बाद गांव में बैठककर उनको बुलाया गया, जहां धनकर परिवार नहीं पहुंचा और पूरा परिवार अंतिम संस्कार की व्यवस्था में लग गया। इसकी सूचना मिलते ही गांव के लोग अंतिम संस्कार को रोकने और गांव के रीति-रिवाज के अनुसार अंत्येष्ठि करने की बात पर अड़ गए। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में देवी दुर्गा विराजमान है और गांव की भलाई एवं गांव को पवित्र करने के लिए गांव के नियमानुसार ही अंतिम संस्कार किया जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि ये लोग ईसाई धर्म में कन्वर्ट हो गए हैं, पर पहले ये लोग गांव के नियमों को मानते थे, इसलिए इनको गांव के नियम जैसे मुंडन संस्कार, नहावन आदि जैसे संस्कार का पालन करना होगा, तब इस गांव में अंतिम संस्कार होगा।



### पुलिस की समझाईस पर बनी बात

पुलिस ने गांव के लोगों और मृतक के परिवार दोनों पक्षों को समझाते हुए बीच का रास्ता निकाला, तब मृतक के परिजनों ने गांव के नियमों का पालन करने की बात पर हामी भरी। जिसके बाद पुलिस की देखरेख में अंतिम संस्कार का कार्यक्रम संपन्न हुआ। मौके पर पहुंचे सब-इंस्पेक्टर लाभाराम ध्रुव ने बताया कि गांव में अंतिम संस्कार को लेकर विवाद की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीण एवं मृतक के परिवार को समझाईस दी गई। जिसके बाद मामले को शांत कर अंतिम संस्कार का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### ताला तोड़कर आभूषण चोरी

**राजनांदगांव।** शहर के रेवाडीह इलाके में चोरी की घटनाएं कम नहीं हो रही है। चोरों ने एक घर का दिनदहाडे ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवर चोरी कर लिए। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक लालबाग थाना क्षेत्र के जलतरिया पारा ग्राम रेवाडीह में 7 अक्टूबर को एक घर का दिनदहाड़े ताला तोड़कर चोर भीतर प्रवेश किए और घर का सामान बिखराकर आलमारी में रखे बैग से सोने का झुमका एक जोड़ी, बच्चे के कान का सोने का रिंग, चांदी का करधन, सोने की अंगूठी, चांदी की पायल, चांदी की बिछिया एवं नगदी रकम 4 हजार रुपए को अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट प्रार्थी ईश्वरलाल चंद्रवंशी ने दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

**बढ़ रही चोरी की घटना**

रेवाडीह इलाके में आए दिन हो रही चोरी की घटनाओं से लोगों में भय व्याप्त होने लगा है। हाल ही में एक घर में चोरी की घटना हुई थी।



अधिकृत विक्रेता : जैन मोटर्स स्टेट हाईवे, कवर्धा रोड, खैरागढ़
शाखा - जी. ई. रोड राजनांदगांव, मेन रोड अं. चौकी
मो. 9977184777, 8120006476, सर्विस - 8120006480, 8120001601

## नवरात्रि विशेष




### सप्तमी : कालरात्रि

माता दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि नाम से विख्यात है। सातवें नवरात्रि की मां कालरात्रि के पूजन का विधान है। मां का यह स्वरूप अत्यंत भयानक है। इनके शरीर का रंग घने अंधकार की तरह काला है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं। गले में बिजली की भांति चमकने वाली माला है, लेकिन मां का यह रूप सदैव शुभ फल देने वाला है। इसी कारण इनका एक नाम शुभंकरी भी है। मां कालरात्रि अपने भक्तों को दुष्टों से बचाने वाली है। कालरात्रि मां ग्रह बाधा को दूर भगाती है। मनुष्य को मन से कालरात्रि की उपासना अवश्य करना चाहिए। मां कालरात्रि उपर से उठे हुए दाहिने हाथ अभयमुद्रा में है। बांया तरफ के उपर वाले हाथ में लोहे का कांटा और नीचे वाले हाथ में खडग है। माता के इस रूप की पूजा करने वाले भक्त का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। मां की पूजा मात्र से भक्तों के सारे कष्ट दूर होने लगते हैं। उसके लिए ब्रह्मांड की संपूर्ण सिद्धियों के द्वार खुलने लगते हैं। इनकी पूजा करने वाले को अग्नि, भय, जल, भय, शत्रु भय, रात्रि भय कभी नहीं होते। इन मां की कृपा से भक्त सर्वथा भय से दूर रहता है। मां कालरात्रि भक्तों को सदैव सुख देने वाली है। इनकी उपासना का श्लोक है-

एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी।।
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।
वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी ।।

श्रद्धांजलि

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः ।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ॥



जन्म 17.12.1942
निर्वाण 30.09.2024

स्व. श्री अजय सिंह परिहार

अत्यंत दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्य पिताजी
स्व. श्री अजय सिंह परिहार
अपनी सुदीर्घ जीवन यात्रा (82 वर्ष) पूर्ण कर
दिनांक 30 सितम्बर 2024 को पंचतत्व में विलीन हो गये हैं।

कार्यक्रम
दशगात्र : 09 अक्टूबर 2024, बुधवार (प्रयागराज में)
तेरहवीं, श्रद्धांजलि व शांति भोज : 13 अक्टूबर 2024, रविवार
स्थान : रायल पार्क, अल्का एवेन्यू, उस्लापुर, बिलासपुर
समय : दोपहर 1 से 5 बजे तक

शोकाकुल
श्रीमती किरण सिंह परिहार (धर्मपत्नी)
प्रियंक सिंह परिहार, श्रीयंक सिंह परिहार, मयंक सिंह परिहार (पुत्र)
ऋषभ सिंह परिहार, कृष्णा सिंह परिहार (पौत्र)
प्रताप भान सिंह परिहार(भाई), प्रवीण सिंह परिहार(भाई), नवीन सिंह परिहार(भाई),
सुधीर सिंह परिहार (भाई), मनमोहन सिंह परिहार (भतीजा) एवं समस्त परिवार
नोट: जिन स्नेहीजन को किसी कारणवश सूचना नही मिली है इसे ही सूचना मानें।



## खबर संक्षेप

### संयम की राह चली काजल, ग्रहण किया दीक्षा



**सड़क अतरिया।** राजस्थान के भीलवाड़ा में आचार्य भगवान 1008 श्री रामलाल जी म.सा. एवं उपाध्याय प्रवर श्री राजेशमुनि म.सा. के सानिध्य में शिखर महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छह मुमुक्षु ने दीक्षा लिया जिसमें सड़क अतरिया की काजल नाहटा भी शामिल है। उल्लेखनीय है कि मुमुक्षु काजल नाहटा स्व दिलीप नहाटा एवं प्रमिला नाहटा की पुत्री है। सोमवार को भीलवाड़ा में विधि विधान के साथ दीक्षा ग्रहण किया। या। अब रामकेतू म. सा नाम मिला है। दीक्षा के दो दिन पहले नाहटा परिवार एवं समाज के लोग भीलवाड़ा पहुंच गए थे। संतों के सानिध्य में शनिवार एवं रविवार को दीक्षा पूर्व की रस्म पूर्ण किया गया। सोमवार को गुरूजनों के समक्ष काजल ने दीक्षा ग्रहण किया। दीक्षा समारोह में प्रदेश जैन संघ के पदाधिकारी, सकल जैन समाज खैरागढ़ एवं नाहटा परिवार शामिल हुआ।

### सांगिनकछार में रामधुनी आज

**डोंगरगांव।** ग्राम सांगिनकछार में नव दुर्गा उत्सव समिति एवं ग्रामवासियों ने कल 9 अक्टूबर को श्री राधे गोविंद रामधुनी मंडली मोहगांव का कार्यक्रम रखा है। इसी क्रम में आगामी 11 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ नाच का कार्यक्रम रखा गया है। आयोजकों ने अंचल के लोगों से उपस्थिति की अपील की है।

### दशहरा पर्व 11 को

**चिचोला।** समीपस्थ ग्राम नारायणगढ़ में रामलीला परिवार एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में आगामी 11 अक्टूबर को असत्य पर सत्य का विजय का पर्व दशहरा मनाया जाएगा । रामलीला परिवार द्वारा प्रतिदिन रात्रि में रामलीला का मंचन किया जा रहा है।

### रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता आज

**डोंगरगांव।** घुमरिया कबड्डी क्लब के तत्वावधान में एक दिवसीय रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन कल 9 अक्टूबर को तुमड़ीलेवा में किया गया है।आयोजन समिति के अध्यक्ष अभिषेक चन्द्रवंशी ने बताया कि यह प्रतियोगिता घुमरिया कबड्डी क्लब एवं ग्रामीणों के सहयोग से रखी गई है। उन्होंने लोगों से शामिल होने की अपील की है।

### सड़क निर्माण की मांग

**खुज्जी।** भटगुना से रुदगांव की दूरी तीन किमी है। यहां पहुँचने के लिए ग्रामीणों को जीर्ण शीर्ण मार्ग से गुजरना पड़ता है। बारिश के दिनों में ग्रामीणों की दिक्क़त बढ़ जाती है। कलेक्टर को आवेदन प्रस्तुत ग्रामीणों ने भटगुना से रुदगांव तक सड़क निर्माण की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग से प्रतिदिन 20 से 25 गांव के ग्रामीण सफर करते हैं। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत सड़क निर्माण कराने की मांग की है। सरपंच चेतन दास साहू ने बताया कि भटगुना से रुदगांव जाने के लिए ग्रामीणों को करीब दस किमी की दूरी तय करना पड़ता है। सड़क के बन जाने से दूरी घटकर तीन किमी रह जाएगी।

### केन्द्रीय मंत्री ने किया दर्शन



**डोंगरगढ़।** केन्द्रीय मंत्री तोखन साहू ने माता के दरबार में हाजिरी लगाकर विधि विधान से पूजा अर्चना किया। उनके यहां पहुंचने पर भाजपा के जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता ने स्वागत किया। मां बम्लेष्वरी ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने उन्हे माता की फोटो, प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान ट्रस्टी बबलू शांडिल्य, अजय ठाकुर, अमित जैन, संतुराव, प्रिंस कक्क्ड़, सुमित मिश्रा, जसमीत सिंह, पप्पू नामदेव, विरेन्द्र साहू, मोहम्मद गौस सहित अन्य उपस्थित थे।

### सम्मान राशि से टी शर्ट- लोवर वितरित



**बांधाबाजार।** राज्यपाल सम्मान से सम्मानित प्राथमिक शाला सिरलगढ़ के शिक्षक नीलकंठ कोमरे ने प्राप्त राशि से बच्चों के लिए टी शर्ट और लोवर खरीद कर शनिवार को वितरित किया। शाला विकास समिति, प्रधान पाठक एवं ग्रामवासियों ने इस पहल की सराहना किया है। श्री कोमरे की सोच है कि शिक्षा के प्रति रुचि जागृत होने से नए गणवेश में बच्चे उत्साहित होकर शाला आने लगते है। प्रधान पाठक योगेन्द्र देवांगन, शाला विकास समिति के अध्यक्ष सालिकराम कोरेटी, नीलकंठ कोमरे, पीताम्बर चंद्रवंशी, नावेंद्र चंद्रवंशी, फनीत सिन्हा, बिजेंद्र सिन्हा, हेमिन चंद्रवंशी, नरबद कमेटी, चतुरसिंह जुरेशिया आदि ने श्री कोमरे का आभार व्यक्त किया है।

## सालों बाद देखने मिल रही भारी भीड़

# पंचमी को माता का विशेष श्रृंगार दर्शन करने उमड़ी भक्तों की भीड़

### प्रशासन और ट्रस्ट ने हड़बड़ी नहीं करने की दी सलाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

क्वांर नवरात्रि की पंचमी तिथि दो दिन तक होने के कारण उपर मंदिर एवं नीचे मंदिर में दो दिन तक अनुष्ठान हुआ। पंचमी को बड़ी संख्या में दर्शनार्थी देवी दर्शन करने पहुंचे। शहर की सभी प्रमुख मार्गों में वाहनों का दबाव और काफिला कई सालों बाद देखने को मिला।

जानकारी के अनुसार गत 3 अक्टूबर को नवरात्र पर्व शुरू होने के बाद 8 अक्टूबर तक रेल मार्ग से लगभग ढाई लाख दर्शनार्थी यहां पहुंचे। वहीं करीब पदयात्री और सड़क मार्ग से लगभग साढे तीन लाख दर्शनार्थियों के पहुंचने की जानकारी मिली है। दिन में दर्शनार्थियों की भीड़ रही जबकि रात में सर्वाधिक दर्षनार्थियों के आने का 15 साल का रिकार्ड टूटा है। प्रशासन एवं ट्रस्ट समिति ने भीड़ को रोकने और उमस और गर्मी के कारण दर्शनार्थियों को काफी परेशान होना पड़ा।

#### मां बम्लेश्वरी मंदिर में स्वचालित पर्दा लगा

ऊपर बम्लेश्वरी माता एवं छोटी बम्लेश्वरी माता के गर्भगृह में अल्पेश भाई रमेश भाई पटेल ने स्वचलित पर्दा लगाने मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति को 63111 रूपए दिया है। ट्रस्ट समिति ने अल्पेश भाई रमेश भाई पटेल का इस कार्य के लिए आभार व्यक्त किया है।



#### बेहतर ट्रैफिक व्यवस्था

भीड़ एवं वाहनों की संख्या बढने के बाद भी पेट्रोलिंग गाडी गंभीरता सक्रियता दिखाते हुए बेहतरीन व्यवस्था करते नजर आई। बाहर से आने वाली गाड़ियों को अलग-अलग मार्गों में बनाये गये पाइंट में बनाए गए पार्किंग तक ले जाने कहा जा रहा है। पार्किंग चलाने वालों को मापदंड के अनुसार गाड़ी खडी करवाने के साथ निर्धारित राशि लेने की समझाईश दी गई है। प्रशासन ने भीड़ को देखते हुए सभी मार्ग, चौराहो में सुरक्षा व्यवस्था किया गया है ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। पदयात्रियों की सेवा के लिए समाजसेवी संस्थाओं एवं प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्था पर्याप्त नहीं रही। इस बार जिस तदाद में पदयात्री पहुंचे उसकी उम्मीद नहीं थी। इस बार सेवा पंडाल भी कम लगे। पंडालो में जगह की कमी और खाने पीने के सामनों में कमी देखा गया।

#### सतर्क हुआ प्रशासन

पंचमी को एक महिला की मौत और कई दर्शनार्थियों के घायल होने की घटना को प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुए अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था किया है। भीड़ को कंट्रोल करने के अलावा महिलाओं एवं बच्चों को प्राथमिकता से दर्शन कराने का प्रयास शुरू किया गया। बताया जा रहा है कि वीआईपी की सुरक्षा व्यवस्था के चलते आम दर्शनार्थियों को सर्वाधिक परेशानी हो रही है। प्रशासन ने दर्शनार्थियों को हड़बड़ी नहीं करने और बुजुर्ग, महिला एवं बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर दर्शन करने की समझाईश दी है। रोपवे की टिकट लेकर घंटो इंतजार कर रहे दर्शनार्थियों की सुविधा को दरकिनार कर वीआईपी को तत्काल सुविधा उपलब्ध कराने पर सवाल उठ रहे हैं।



#### पदयात्रियों की सेवा

जय माता दी पदयात्री सेवा समिति ने पदयात्रा मार्ग में पदयात्रियों के लिए फलाहार एवं जलपान की निःशुल्क व्यवस्था किया था। इस कार्य में लाखन सिंह कुशवाहा, उदय ढीमर, संतोष साहू, रोशन साहू, डोमेश भाई, पिंटू भाई, अशोक यादव, उमेन्द्र साहू, बालमुकुंद तराने, करण ढीमर, विजय साहू, तेजलाल लिल्हारे आदि ने सहयोग दिया। यह जानकारी संतोष साहू ने दी।

# पटवारी को हटाने की मांग, ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

- पटवारी की कार्यप्रणाली से ग्रामीण नाराज
- मुख्यालय में नहीं रहने से समय पर नहीं हो रहे किसानों के काम

हल्का नं. 5 के पटवारी के खिलाफ ग्रामीण लामबंद हो गए हैं। उसे हटाने की मांग करते हुए ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। कार्यवाही नहीं करने पर तहसील कार्यालय का घेराव करने की चेतावनी दी गई है। जानकारी अनुसार हल्का नं 5 के पटवारी पर किसानों ने आरोप लगाते हुए कहा कि पटवारी द्वारा सभी कार्यों के लिए पैसे की मांग की जाती है।

राशि नहीं देने पर कार्यों को रोक दिया जाता है। उक्त पटवारी मुख्यालय में न रहकर राजनांदगांव से आना जाना करता है जिससे समय पर किसानों का काम नहीं हो पाता। उसके आने जाने का दिन भी निर्धारित नहीं है। ग्राम के ललित साहू, रेवाराम साहू, चमारराय, चेतनलाल साहू, भोजराम साहू, वासुदेव चंद्रवंशी सहित अन्य ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि राजस्व संबंधी कार्य का संपादन हेल्पर द्वारा किया जा रहा है।

ग्रामीणों ने एसडीएम कार्यालय डोंगरगांव पहुंचकर ज्ञापन सौंपा है । अगले 7 दिवस के भीतर कार्यवाही नहीं होने पर तहसील कार्यालय का घेराव करने की चेतावनी दी है।

### कृतबांस में कार्यक्रम आज

**गंडई पंडरिया।** ग्राम पंचायत कृतबांस में कल 9 अक्टूबर को रात 9 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव में दुर्गा प्रतिमा स्थापित किया गया है। इस वर्ष जरहानवागांव के गुरतुर बोली गंवई का कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम में लोक गायक रजउ साहू गीतों की प्रस्तुति देंगे। संगीत सनत पटेल एवं गीतों की प्रस्तुति रानी मानिकपुरी द्वारा दिया जाएगा।

# सी-मार्ट खाली कराने पहुंचे तहसीलदार

- दूसरे समूह को मिला संचालन का जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

जनपद पंचायत परिसर में संचालित सी-मार्ट को खाली नहीं करने पर सोमवार को तहसीलदार, पुलिस बल के साथ पहुंचे। खाली करने के लिए पूर्व में नोटिस जारी किया गया था। नोकझोंक के बाद संचालक ने दुकान में रखे सामान हटाने की सहमति दी।

जानकारी अनुसार पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की मंशानुरूप महिला समूहों को रोजगार उपलब्ध कराने ब्लाक मुख्यालय में सी-मार्ट खोला गया था।

लगभग एक साल पूर्व वैष्णव महिला समूह पैरीटोला को सी मार्ट का संचालन सौंपा गया था। गत 31 अगस्त को सी-मार्ट संचालन के लिए टेंडर प्रक्रिया की गई जिसमें अन्य महिला समूह को संचालन का टेंडर मिला। टेंडर के बाद वैष्णव महिला समूह को सी मार्ट खाली करने कई बार नोटिस दिया गया। दुकान खाली नहीं करने पर सोमवार को तहसीलदार विजय कोठारी, नायब तहसीलदार विजय साहू पुलिस बल के साथ सी मार्ट खाली कराने पहुंचे। इस दौरान महिला समूह एवं तहसीलदार के बीच नोकझोंक हुई और अंततः सी-मार्ट खाली करने सहमति देने पर मामला शांत हुआ।

#### ढाई लाख का किराया बकाया

लगभग एक साल से जनपद पंचायत परिसर में सी-मार्ट का संचालन मां वैष्णव महिला समूह द्वारा किया जा रहा था। बताया जा रहा है कि समूह को लगभग ढाई लाख किराये की राशि देना है। राशि जमा करने भी नोटिस थमाया गया है।

# बैठक में भाजपा के सदस्यता अभियान की समीक्षा



**गंडई पंडरिया।** भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर मंगलवार को रेस्ट हाउस में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिस बूथ में अब तक 200 सदस्य नहीं बने है उन्हे जल्द टारगेट पूरा करने कहा गया। बताया गया कि एक मंडल में कम से कम 2007 सदस्य होना सुनिश्चित करें एवं जितने भी पदाधिकारी है उन्हे 100 सदस्य बनाना अनिवार्य है। बैठक में मंडल संयोजक राकेश ठाकुर ने बताया कि आगामी 15 अक्टूबर तक कम से कम 200 तक सदस्य बनाना है। सभी जवाबदार व्यक्ति कम से कम 100 सदस्य जरूर बनाएं। 100 सदस्य बनाने वाले व्यक्ति ही सक्रिय सदस्य बनेंगे। बैठक में टीके चंदेल, मंडल अध्यक्ष राजेश मेहता, जीवनदास रात्रे, अनिल अग्रवाल, खम्हन ताम्रकार, राकेश ताम्रकार, श्यामपाल ताम्रकार, गोपाल साहू, टेकन देवांगन, रवि भावनी, भानुप्रताप साहू, उमा चौबे, राजू जायसवाल, भीखु हिरवानी, विक्की अग्रवाल, सेवक वर्मा, यतीश कुंजाम, लेखराम साहू, नारद साहू, पवन पटेल, आत्मा साहू, सागर साहू, विक्की कुर्रे, रामू मरकाम, , विशंभर पटेल, रमेश जंघेल, दीना वर्मा, बलराम साहू, अमरसिंह साहू, कमलेश साहू, नारायण जंघेल, दुर्गेश जंघेल सहित अन्य मौजूद थे।

# देवी की आराधना जारी



**घुमका।** ग्राम में क्वांर नवरात्र पर्व श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। ग्राम सहित अंचल में मां दुर्गा की सुबह शाम आरती एवं पूजा अर्चना किया जा रहा है। अंचल के शीतला मंदिरो में ज्योति कलश प्रज्जवलित किया गया। भद्र अमावस्या को गेहूं का रोपण माता क्रे दरबार में क्यारी बना कर किया गया। शीतला मंदिर, दुर्गा पंडालों में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंच रहे हैं। ग्राम के बस स्टैंड में ग्राम समिति ने मां दुर्गा की मूर्ति स्थापना किया है। इसी प्रकार चंडी चौक मां दुर्गा एवं पंचमुखी हनुमान ब्राह्मणपारा, महावीर चौक में मां दुर्गा, इंदिरा आवास में लक्ष्मी गणेश सरस्वती, भाटापारा में मां सरस्वती, ठाकुरदेव चौक में मां सरस्वती, विजय स्मारक चौक में छत्तीसगढ़ महतारी, बांस डिपो चौक में गणेश, आजाद चौक में मां काली, गौरा चौरा एवं ब्राह्मण पारा में भोलेनाथ, मरार पारा में मां शाकम्भरी की मूर्ति स्थापना की गई। पुरोहित श्री दुबे ने बताया कि शनिवार को दशहरा मनाया जाएगा। इसी दिन मूर्तियों का विसर्जन किया जाएगा।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082




## मनरेगा के तहत रोजगार मुहैया कराने की पहल

# विशेष पिछड़ी जनजाति के युवाओं को मिली उन्नत कृषि और नर्सरी तैयार



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना तहत पंजीकृत श्रमिकों को अकुशल रोजगार प्रदान किया जाता है, साथ ही श्रमिकों को प्रोजेक्ट उन्नति के तहत प्रशिक्षण देकर स्थायी आजीविका से जुड़ने का अवसर भी प्रदान किया जा रहा है।

मनरेगा योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष मे सौ दिन का रोजगार प्राप्त कर चुके श्रमिको का काउंसिलिंग कर उन्हें चिह्नित कर प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रोजेक्ट उन्नति के माध्यम से प्रशिक्षण बाद श्रमिक अपना स्वयं का रोजगार स्थापित कर सकते है, ताकि मनरेगा के अकुशल रोजगार पर उनकी निर्भरता कम हो जाएगी। जिले के छुईखदान ब्लाक में मनरेगा योजना के 35 पंजीकृत श्रमिकों को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान और मनरेगा की ब्लॉक टीम द्वारा काउंसलिंग कर आर-सेटी राजनांदगांव के माध्यम से प्रोजेक्ट उन्नति के तहत सब्जी, नर्सरी प्रबंधन एवं खेती विषय पर ऑफ कैंपस प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिसमे विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा बाहुल्य ग्राम तुमड़ादाह के बलीराम मेरावी, बुद्ध सिंह बैगा व लालूराम बैगा ने सब्जी, नर्सरी प्रबंधन और खेती विषय पर 10 दिन का आवासीय प्रशिक्षण राजनांदगांव के प्रशिक्षकों से प्राप्त किया। प्रशिक्षण मे पंचायत व ग्रामीण विकास विभाग के साथ अन्य विभागीय गरीबी उन्मूलन योजनाओं और कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी भी उन्हें दी गई। रानी अवंती बाई लोधी कृषि महाविद्यालय व अनुसंधान केंद्र का भ्रमण कराया गया, जहां विभिन्न प्रकार के उन्नत कृषि फसलों और कृषि संयंत्रो के बारे मे बारीकी से जानकारी प्रदान किया गया।

#### युवाओं को करेंगे प्रेरित

प्रोजेक्ट उन्नति का मुख्य उद्देश्य अकुशल श्रमिकों को प्रशिक्षण प्रदान कर कौशल उन्नयन कर उन्हें उद्यमी बनाना है, ताकि उनको स्थायी रोजगार के साधन प्राप्त हो सके। जिले के अठारह ग्राम पंचायतो में प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाभियान योजना संचालित है जहां कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के मार्गदर्शन में बैगा परिवारों व उनके सदस्यों को मुलभूत जरूरी सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इसी परिपालन में तुमड़ादाह के तीन युवाओं को उद्यमी बनने ट्रेंनिग दिया गया है। इन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण और मनरेगा योजना के अभिसरण से पक्के आवास की स्वीकृति मिली है। साथ ही पूर्व मे इनको प्राप्त व्यक्तिगत वन अधिकार पट्टा भूमि में भूमि सुधार कार्य भी स्वीकृत किया गया है। प्रशिक्षण बाद अब वे पूर्व की अपेक्षा अधिक उन्नत तरीके से अपने भूमि में कृषि कार्य/सब्जी उत्पादन का कार्य करेंगे। प्रशिक्षित युवकों ने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त करने से उनका आत्मविश्वास पहले से काफी बढ़ा है। इससे उनका स्वरोजगार का साधन खुल जाएगा वही आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। उन्होंने योजना तहत गांव के अन्य युवाओं को उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी देकर प्रशिक्षण प्राप्त करने प्रेरित करेंगे।



**खबर संक्षेप**

## चिरायु योजना से मिला रागिनी को श्रवण यंत्र



**खैरागढ़।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम चिरायु तहत पिपलाकछार की जन्मजात श्रवण बाधित बच्ची को श्रवण यंत्र मिला। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के मार्गदर्शन में जिले में चिरायु योजना का बेहतर क्रियान्वयन हो रहा है, जिससे जन्मजात बीमारी तथा विकृति वाले बच्चों को नया जीवन मिल रहा है। इसी कड़ी में ब्लाक के पूमाशा पिपलाकछार में स्वास्थ्य परीक्षण दौरान चिरायु टीम को रागिनी पिता हरिकांत पटेल में जन्मजात बधिरता की समस्या पाई गई, जिसके पश्चात टीम द्वारा उसे राजनांदगांव सीआरसी सेंटर ले जाया गया। जहां से उसे ब्रेनस्टेम इवोक्ड रिस्पांस ऑडियोमेट्री बीईआरए परीक्षण के लिए डीईआईसी दुर्ग रिफर किया गया था।

जांच बाद मिले रिपोर्ट के आधार पर बच्ची का जिला अस्पताल राजनंदगांव से विकलांगता प्रमाण पत्र बनवाने के बाद दस्तावेजों को सीआरसी सेंटर में जमा किया गया जिसके बाद बच्ची रागिनी को श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। शासन-प्रशासन के सहयोग को लेकर पिता हरकिंत पटेल सहित परिजनो ने धन्यवाद दिया है। गौरतलब है कि योजना तहत जन्मजात बीमारी व शरीरिक विकृति वाले बच्चों की चेहरे में मुस्कान बिखेरने 0 से 18 साल तक की आयु के बच्चों के कटे-फटे होंठ, मोतियाबिंद, टेढे-मेढ़े हाथ पैर, श्रवण बाधा सहित विभिन्न प्रकार की बीमारी व विकृति पर निशुल्क उपचार किया जाता है। चिरायु टीम प्रभारी डॉ लक्ष्मी नारायण मंडावी ने बताया कि स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए चिरायु योजना का संचालन किया जा रहा है। किसी केस में टीम के सहयोग से बच्चों का उच्च स्थान में रिफर कर ईलाज होता है, इसके लिए किसी प्रकार का कोई धन खर्च नहीं करना पड़ता।

### फतेह मैदान में आयोजित तीन दिवसीय गरबा महोत्सव का समापन

# तीन दिन जमा गरबा का रंग, ढाई हजार से उपर ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

माता रानी के अराधना पर्व नवरात्रि के दौरान फतेह मैदान में आयोजित तीन दिवसीय गरबा महोत्सव का समापन सांसद संतोष पांडेय, जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिला भाजपाध्यक्ष घम्मन साहू सहित अन्य अतिथियो की मौजूदगी में हुआ।

नगर दशहरा उत्सव समिति व नगर पालिका द्वारा आयोजित महोत्सव के तीनों दिन जमकर भीड़ उमड़ी, ढाई हजार से ज्यादा प्रतिभागियों ने अलग-अलग वर्ग में हाथों में डांडिया थामकर, रंग बिरंगे आकर्षक परिधानों में लाइव म्यूजिक के साथ पर्व की मर्यादा और गरिमा का विशेष ध्यान रखते हुए जमकर गरबा खेला। जिसे देखने मैदान में ऐसी भीड़ उमड़ी की पांव रखने के लिए जगह नही बची। सांसद संतोष पांडेय ने संगीत नगरी में आयोजित गरबा उत्सव की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश के अन्य जगहों में भी इस तरह वृहद स्तर का आयोजन होना चाहिए। जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि अल्प अवधि में गरबा खेलने के लिए मैदानी तैयारी साथ अन्य व्यवस्था को लेकर समिति सदस्यों ने सराहनीय काम किया है।

इस दौरान नपा अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर, तीरथ चंदेल, राकेश सिंह, रामाधार रजक, आयश सिंह बोनी, शैलेंद्र वर्मा, आलोक श्रीवास, विनय देवांगन, रेखा गुप्ता, रूपेंद्र रजक, देविन कोठले, कीर्ति वर्मा, दिलीप लहरे, सुमीत टांडिया, कमलेश कोठले, ऋषभ सिंह, पीयूष पटेल, लाल शौर्यादित्य सिह, अंकित तिवारी, अभिषेक सिंह, अनीष सिंह, शुभम ठाकुर, नितिन यादव, प्रेम सागर गुप्ता, रविंद्र सिंह , धर्मेंद सांखला सहित बड़ी संख्या मे गणमान्य नागरिक व श्रद्धालु मौजूद थे। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा, एएसपी नेहा पांडेय, एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू ने भी मैदान का भ्रमण कर प्रतिभागियो का उत्साहवर्धन किया।



### मिस्टर प्रिंस अथर्व और प्रिंसेज वंशिका बनी

गरबा महोत्सव के अंतिम दिन प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने दशहरा उत्सव समिति द्वारा अलग-अलग वर्ग के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया जिसमें मिनी ग्रुप से इलिजिएम पब्लिक स्कूल दाऊचौरा को पहला, ब्राइट स्पार्क स्कूल सिविल लाइन को दूसरा और अवंति पब्लिक स्कूल दाऊचौरा को तीसरा स्थान मिला। जूनियर ग्रुप में आदर्श कन्या पूमाशा खैरागढ़ को पहला, पदुमलाल पुन्नालाल पूमाशा को दूसरा और खपरी सिरदार पूमाशा के समूह को तीसरा स्थान मिला। सीनियर ग्रुप की प्रस्तुति में वेसलियन स्कूल पहले, सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल दूसरे और विवेकानंद हाई स्कूल तीसरे स्थान पर रहा। मुक्त समूह के प्रदर्शन में रानी रश्मि देवी कॉलेज को पहला, इंदिरा कला संगीत विवि के वेदांत ग्रुप को दूसरा और डाइट के गरबा ग्रुप को तीसरा स्थान मिला। महोत्सव में खैरागढ़ आइडल का पुरस्कार नुपुर गरबा ग्रुरप को, आकर्षक वेशभूषा के लिए प्रज्ञा गरबा ग्रुप को, स्वच्छता के लिए केविन्स अनबेटेबल को, अनुशासन के लिए स्वामी आत्मानंद कन्या हाईस्कूल हिंदी माध्यम और उभरते सितारे का सम्मान प्राथमिक शाला पिपरिया को मिला। इसके अलावा मिनी ग्रुप से मिस्टर प्रिंस का खिताब ब्राइट स्पार्क स्कूल के अथर्व सिंह को, मिस प्रिंसेस का खिताब इलिजियम स्कूल की वंशिका निषाद को मिला। सीनियर्स से मि इवनिंग इंदिरा कला संगीत विवि के चंदन साहू और मिस इवनिंग केंद्रीय विद्यालय की पृथा सिंह बनी। गरबा महोत्सव में शामिल सभी समूहों को समिति द्वारा प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया।

### भीड़ को संभालने करनी पड़ी मशक्कत

गरबा महोत्सव मे शामिल प्रतिभागियों के अलावा देखने आने वालो की भीड़ को संभालने पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। अंबेडकर चौक से लेकर ईतवारी बाजार तक हर चौराहे पर जवानों ने आने जाने वालो को संभाला। चाक चौबंद व्यवस्था के चलते किसी प्रकार की घटना दुर्घटना भी गरबा महोत्सव के दौरान नही हुई।



## ऑनलाइन एंट्री कार्य का विरोध, बंद करने की मांग

■ संचालक एवं अपर मुख्य सचिव को सौंपेंगे ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक प्रांतीय कार्यकारिणी के आव्हान पर मे सोमवार को 33 जिलों के सीएमएचओ के माध्यम से संचालक एवं अपर मुख्य सचिव को ज्ञापन सौपेंगे।

प्रदेश के 5200 उप स्वास्थ्य केंद्रो में पदस्थ ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक ऑनलाइन डाटा एंट्री कार्य का विरोध करने लगे है। स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी द्वारा महामारी नियंत्रण के साथ विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रम का क्रियान्वन किया जाता है, किन्तु विभाग द्वारा मूल कार्य के अतिरिक्त डाटा एंट्री का कार्य कराया जा रहा है।

कर्मचारीयो का कहना है कि वह नर्सिंग एवं क्लिनिकल कार्य के लिए प्रशिक्षित है। वह स्वास्थ्य संबंधी सेवा एवं अन्य योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने का कार्य करते हैं ,किंतु विभाग द्वारा अन्य संवर्ग का कार्य कराने से मूल कार्य प्रभावित हो रहा है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष टारज्ञन गुप्ता एवं प्रदेश सचिव प्रवीण ढिडवंशी ने बताया कि स्वास्थ्य संयोजक संवर्ग कर्मचारियों के भर्ती नियम एवं नियुक्ति अनुसार ऑनलाइन डाटा एंट्री करने कम्प्यूटर ज्ञान नही मांगा गया है और न इस तरह का कार्य पूर्व में लिया जाता था। वर्तमान में स्वास्थ्य सेवाये प्रदान करने के साथ रिकार्ड, रजिस्टर मेंटेन करने के बाद सभी रिकार्ड को ऑनलाइन डाटा एंट्री करने की अनावश्यक दबाव बनाया जाता है। कर्मचारियों को कार्यलयीन समय में काम करने के बाद रात को कम्प्यूटर ऑपरेटर की सहायता से स्वमं के व्यय पर डाटा एंट्री का कार्य करवाना पड़ रहा है। देर रात तक कार्य करने से कर्मचारियों मे भारी आक्रोश है। गैर प्रशिक्षिकीय कार्य करने से स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है।

### काम बंद करने की चेतावनी

संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष हरीश जयसवाल, आईटी सेल प्रभारी सुरेश पटेल, संतलाल साहू ने बताया कि डाटा एंट्री के लिए कप्यूटर ऑपरेटर की भर्ती की गई है और वह ऑनलाइन डाटा एंट्री करते थे। वर्तमान मे नर्सिंग संवर्ग से प्रशिक्षित कर्मचारियों से अतिरिक्त कार्य कराया जा रहा है। स्वास्थ्य कर्मचारियों ने सीएमएचओ के माध्यम से संचालक, मुख्य सचिव , मिशन संचालक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग को ज्ञापन सौपेंने का निर्णय लिया है। समस्या का समाधान नहीं होने पर संघ के जिलाध्यक्ष गणेश राम शोरी के नेतृत्व में ऑनलाइन कार्य आगामी 22 अक्टूबर 2024 से बंद कर दिया जाएगा।

## बैठक में चुनाव के प्रस्तावित नियमों पर चर्चा, चुनाव 27 को

**डोंगरगढ़।** ब्लाक सतनामी समाज के चुनाव को लेकर नियुक्त 15 चुनाव संचालक सदस्यों की बैठक सतनाम भवन में रखी गई। बैठक में चुनाव के प्रस्तावित विषयों पर चर्चा कर नियमानुसार चुनाव कराने के लिए नियमावली बनाई गई। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, महामंत्री, सचिव, कार्यकरणी सदस्य के लिए 11 से 20 अक्टूबर तक आवेदन जमा होंगे। आवेदक निर्धारित प्रोफार्म भर कर शुल्क सहित आवेदन सतनाम भवन में जमा कर सकते है। आगामी 21 और 22 अक्टूबर को छटनी प्रक्रिया होगी। आगामी 23 अक्टूबर को अपरान्ह 3 बजे तक नाम वापस लिए जा सकते है। एक व्यक्ति एक पद के लिए आवेदन कर सकेगा। आवेदक को शपथ पत्र भी संलग्न करना होगा। चुनाव प्रक्रिया 27 अक्टूबर को होगी। चुनाव कराने की जिम्मेदारी कैलाशनाथ बंजारे, राजू कौसिक , शंकर बघेल को दी गई है। बैठक में कमल लहरे, संजीव बंजारे, ऋषि खरे, वासुदेव जोशी, चेतन चंदेल, पंचराम चंदेल, भुखन गायकवाड, गौवकरण कोसरे, शंकर बघेल, शिशुपाल भारती, दिनेतु जांगड़े, कैलाश बंजारे, राजू कौशिक, डीडी बघेल, नंदकुमार खरे, सुरेश गेंडरे, राजकुमार मंडले, लालचंद जोशी, छन्नू चेलक, सुरेशदास घोघरे सहित अन्य मौजूद थे।

## धर्मशाला कक्ष का लोकार्पण 10 को

**मुसराकला।** पेंडरी में आगामी 10 अक्टूबर को धार्मिक न्यास, धर्मस्व विभाग एवं पर्यटन बोर्ड के माध्यम से कबीर मंदिर आश्रम में धर्मशाला कक्ष का निर्माण 10 लाख की लागत से किया गया। कक्ष का लोकार्पण पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू द्वारा किया जाएगा। अध्यक्षता विधायक दलेश्वर साहू करेंगे। विशेष अतिथि भागवत साहू, गुलाब वर्मा, महेंद्र यादव, सुरेश सिन्हा, अनिता रामखिलावन साहू, अनिता तामेशवर वर्मा, मिथलेश सिन्हा, नेतराम साहू होंगे। इस मौके पर महात्मा लेखचंद साहेब संत मंडली के साथ शामिल होंगे। यह जानकारी फलेशकुमार साहू ने दी।







## सार समाचार

### राज्यपाल डेका ने की मां बम्लेश्वरी की पूजा-अर्चना

**राजनांदगांव।** राज्यपाल रमेन डेका ने आज डोंगरगढ़ पहुंचकर मां बम्लेश्वरी की पूजा-अर्चना की। उन्होंने मां बम्लेश्वरी से प्रदेशवासियों की खुशहाली, उन्नति व सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर राज्यपाल के सुपुत्र स्वप्ननीलव डेका एवं परिजन भी उपस्थित थे। उन्होंने भी राज्यपाल के साथ मां बम्लेश्वरी की आराधना की। राज्यपाल ने ज्योति कलश के दर्शन किए एवं हवन कुंड की पूजा की। इस अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका को कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने पर्यटन विभाग द्वारा प्रकाशित काफी-टेबल बुक भेंट की। इस अवसर पर आईजी दीपक झा, पुलिस अधीक्षक पीटीएस प्रशिक्षण गजेन्द्र सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल शर्मा, एसडीएम डोंगरगढ़ मनोज मरकाम, मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, उपाध्यक्ष अनिल गट्टानी, सह सचिव बबलू शांडिल्य, कोषाध्यक्ष चंद्रप्रकाश मिश्रा, ट्रस्ट के अन्य सदस्य सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



### नंदई में भंडारा आज

**राजनांदगांव।** नवरात्र के अवसर पर नंदई स्थित सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस बार भी भंडारा का आयोजन किया जा रहा है। पार्षद प्रतिनिधि एवं समिति के सदस्य अरूण साहू ने बताया कि भंडारा कल बुधवार को शाम सात बजे से प्रारंभ होगा। उन्होंने बताया कि नवरात्र के अवसर पर मां की सेवा के साथ ही भंडारे का आयोजन समिति द्वारा कराया जाता रहा है।

### कमला कॉलेज एवं एबीस कंपनी के बीच समझौता ज्ञापन

**राजनांदगांव।** आईबी ग्रुप के आरके नगर स्थित एबीस कंपनी के सिटी कार्यालय में शासकीय कमलादेवी महिला महाविद्यालय के प्राचार्य आलोक मिश्रा, बीके सोनबर साइकोलॉजी विभाग के एचओडी, नीलम राम केमेस्ट्री विभाग के एचओडी के साथ एबीस कंपनी के डायरेक्टर अंजुम अल्वी के मध्य 2 वर्ष के लिए समझौता ज्ञापन हुआ। इस अवसर पर डॉ. रूबीना अल्वी पूर्व प्रोफेसर रसायन शास्त्र शास.कमलादेवी महाविद्यालय भी उपस्थित थी। इस समझौता ज्ञापन से महाविद्यालय की छात्राएं एबीस कंपनी की विभिन्न परियोजनाओं, संयुक्त रूप से विभिन्न सेमीनार एवं कॉन्फ्रेंस का आयोजन, आधुनिक लैब, संयंत्र, पोल्ट्री, डेयरी आदि का समय-समय पर अवलोकन एवं अध्ययन कर सकेंगी। साथ ही भविष्य में निकलने वाले रोजगार अवसर का भी लाभ उठा पाएंगी।





### सांसद पहुंचे बम्लेश्वरी के दरबार

**डोंगरगढ़।** सांसद संतोष पांडे ने यहां पहुंचकर माँ बम्लेश्वरी देवी की पूजा अर्चना की। रोपवे में भाजपा कार्यकर्ताओं नें सांसद का स्वागत किया।

### स्पेशल ट्रेन सुविधा अब 13 तक

**अछोली।** नवरात्रि पर्व के दौरान दर्शनार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन ने ट्रेनों का अस्थाई ठहराव एवं कुछ गाड़ियो का विस्तार किया है। डोंगरगढ एवं रायपुर के बीच मेमू पैसेजर स्पेशल ट्रेन की सुविधा दी गई है। रायपुर से 7 एवं 8 अक्टूबर तथा डोंगरगढ से यह गाड़ी 8 एवं 9 अक्टूबर को चलाने की घोषणा की गई थी। अब इन गाड़ियों के परिचालन दिनों में विस्तार किया गया है। गाडी क्र. 08766 आगामी 12 अक्टूबर एवं गाडी क्र. 08767 आगामी 13 अक्टूबर तक चलेगी। पर्व के दौरान अब तक एक लाख से अधिक टिकटों की बिक्री हो चुकी है जिसमें करोड़ों की आय रेलवे को हुई है। भारी भरकम आय होने के बाद रेलवे ने यात्री सुविधा में कोई खास बढ़ोतरी नहीं कर रहा है। स्टेशन में यात्रियों का लगातार जमावड़ा लगा रहता है। यात्री ट्रेनों में लटक कर यात्रा कर रहे हैं जिसे देखते हुए अब कुछ पैसेंजर ट्रेनों को अस्थाई तौर पर प्रारंभ किया गया है। डोंगरगढ़ विकास मंच ने यात्री सुविधाओं की अनदेखी पर नाराजगी जाहिर किया है। श्री वर्मा ने बताया कि नवरात्रि पर्व के दौरान स्पेशल ट्रेनों को चलाने तथा अन्य एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव के लिए कोई पहल नहीं की जा रही है।

### रेंगाखार में बिजली के झटके से युवक की मौत

**गंडई पंडरिया।** साल्हेवारा से पांच किलोमीटर दूर ग्राम रेंगाखार में एक युवक की बिजली के झटके से मौत हो गई। मृतक की पहचान 22 वर्षीय साहिल खान के रूप में हुई है, जो अपने बड़े भाई के साथ अपने भैंस को ढूंढने के लिए घर से गया था। रात करीब चार बजे के आसपास साहिल खान बैगा साल्हेवारा के आगे कुकरापाट सड़क के पास स्थित हनुमान मंदिर के समीप बिजली के पोल से लगे तार में फंस गया, जो किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा जंगली-जानवर को मारने के लिए बिछाया गया था। साहिल के भाई ने अपने पिता चांद खान को फोन किया और उन्हें घटना की जानकारी दी और रेंगाखार से दो लोग घटनास्थल पर पहुंचे और साहिल को साल्हेवारा अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। यह घटना बिजली चोरी और अवैध तार बिछाने की समस्या को उजागर करती है। जिससे जानमाल की हानि हो सकती है। पिछले दो महीनों में यह दूसरी घटना है, जब इस तरह के अवैध तार बिछाने से किसी की मौत हुई है। पुलिस और बिजली अधिकारियों को इस मामले में जांच करने और अवैध तार बिछाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की आवश्यकता है।



### आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत डोंगरगढ़ तहसील के आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इसके अंतर्गत सर्पदंश से 1 जनहानि होने पर 4 लाख रुपए एवं आग से 1 जनहानि होने पर 4 लाख रुपए सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है।

## निधन



### अनुसुईया साव

**राजनांदगांव।** सुप्रसिद्ध लोक संगीतकार गोविंद साव की माता श्रीमती अनुसुईया साव 75 वर्ष का 7 अक्टूबर को निधन हो गया। उनकी अंत्येष्टि मोतीपुर के मुक्तिधाम में किया गया। श्रीमती अनुसुईया साव अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई।

# देवी-देवताओं के वेशभूषा में अभद्र गरबा, हिन्दू संगठन ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मां शक्ति की आराधना का पर्व नवरात्र के दौरान शहर में कुछ संस्थाओं द्वारा आयोजित गरबा कार्यक्रम के दौरान देवी-देवताओं की वेशभूषा में अभद्र नृत्य किए जाने के मामले को लेकर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर ऐसे आयोजन को बंद करने की मांग की है।

विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं में अपने ज्ञापन के माध्यम से कहा है कि शहर में आयोजित हो रहे कुछ संस्थाओं के गरबा के दौरान देवी-देवताओं के वेशभूषा में अभद्र तरीके से नृत्य किया जा रहा है। जिससे धार्मिक भावना आहत हो रही है। विश्व हिंदू परिषद के जिला महामंत्री अनूप श्रीवास ने कहा कि ऐसे आयोजनों पर प्रशासन को कार्रवाई करने के लिए ज्ञापन सौंपा गया है। अगर प्रशासन द्वारा कार्रवाई नहीं किया जाता तो इस पर आंदोलन होगा। उन्होंने कहा कि गरबा आस्था का केंद्र है, लेकिन इसे मनोरंजन का साधन बनाकर नृत्य किया जा रहा है। ऐसे आयोजन को हम अनुमति नहीं देंगे।

### न्यायालय के आदेश की अवहेलना

शारदीय नवरात्र के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर समितियों द्वारा गरबा का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, परंतु इन कार्यक्रमों मे माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेश के बावजूद भी 10 बजे के बाद देर रात लगभग 12-1 बजे तक कार्यक्रम स्थल पर डीजे एवं अन्य साउंड बाक्स लगाकर कार्यक्रम किया जा रहा है, जो न्यायालय के आदेश की अवहेलना है।



### धार्मिक भावना आहत

विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने अपने ज्ञापन में कहा है कि गरबा कार्यक्रम स्थल शिवनाथ वाटिका और गायत्री स्कूल मैदान के गरबा आयोजन में देवी-देवताओं एवं राक्षसों की वेशभूषा में अभद्र तरीके से फिल्मी गानों पर और मोहर्रम के शेर धुन पर लोगों को नचाया जा रहा है। यहां माता सीता रूप धारण किए हुए महिला का हाथ राक्षस द्वारा पकड़ते हुए मजाक किया जाना और ब्रम्हा और माता का रूप धारण कर शेर नाच किया जा रहा है, जो कि धर्म विरोधी एवं हिन्दुओं की आस्था और धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला कृत्य है।

## क्षेत्र के लोगों ने निगम आयुक्त व लालबाग थाना में दी जानकारी

# प्रधानमंत्री आवास योजना में अवैध कब्जे और किरायेदारी की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

व्यवस्थापन के तहत शहर के मोती तालाब पार निवासियों को आबंटित हुए रेवाडीह क्षेत्र में बने प्रधानमंत्री आवास योजना के मकान में किरायेदारी और ताला तोड़कर यहां अवैध रूप से रहने वालों की शिकायत नगर निगम आयुक्त एवं लालबाग थाना में की गई है।

शहर के रेवाडीह क्षेत्र में बने प्रधानमंत्री आवास योजना के मकान में किरायेदारी और संदिग्ध लोगों द्वारा यहां अवैध रूप से ताला तोड़कर रहने के मामले से परेशान अन्य हितग्राही अब जुट हो गए हैं। यहां पर बीते दिनों मध्यप्रदेश के जबलपुर क्षेत्र से चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले लोगों को किराये पर मकान देने का मामला सामने आया था। इसके बाद अब यहां रहने वाले अन्य हितग्राहियों ने सभी मकानों की जांच को लेकर नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा है। वहीं असामाजिक तत्वों द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना से बने मकानों का ताला तोड़कर रहने की शिकायत लालबाग थाना में की है।




किराये पर मिल रहे प्रधानमंत्री आवास, हितग्राही ही वसूल रहे किराया
पीएम आवास के मकान को किराये में देकर झोपड़ी में रह रहे हितग्राही

### कई मकानों में केवल पुरूष

प्रधानमंत्री आवास योजना से बने रेवाडीह क्षेत्र के मकान में कई हितग्राहियों द्वारा अपने मकान को बिना जांच पड़ताल के लोगों को किराये पर दिया गया है। हितग्राहियों की शिकायत है कि किराये पर रह रहे कई मकानों में केवल पुरूष ही हैं। जिनकी गतिविधियां संदिग्ध है।

### ताला तोड़कर रहने वालों की गतिविधि संदिग्ध

हितग्राहियों द्वारा अपनी शिकायत के माध्यम से बताया गया कि यहां संदेहियों द्वारा बेजा कब्जा करते प्रधानमंत्री आवास योजना से बने मकान का ताला तोड़कर निवास किया जा रहा है। जिनकी गतिविधियां संदिग्ध है। इनमें से कई लोग राजनांदगांव शहर के भी नहीं हैं।

### गैरकानूनी धंधे की शिकायत

अपने ज्ञापन के माध्यम से हितग्राहियों ने कहा है कि किराये पर दिए मकान और अवैध कब्जेधारियों द्वारा यहां गैरकानूनी गतिविधियां नजर आ रही है। यहां देह व्यापार और अवैध शराब, गांजे की बिक्री भी की जा रही है। जिसके चलते असामाजिक तत्वों का जमवाड़ा यहां लग रहा है और कालोनी का माहौल

### जांच व कार्रवाई का आश्वासन

हितग्राहियों द्वारा नगर निगम और लालबाग थाना में की गई शिकायत के बाद उन्हें दशहरे के बाद पुलिस और निगम की संयुक्त टीम के माध्यम से जांच व कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया है।

# मोदी की गारंटी का करिश्मा है हरियाणा के परिणाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हरियाणा व जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनाव के नतीजों को भाजपा नेता व प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा पूर्व उपाध्यक्ष परवेज अहमद ने मोदी की गारंटी का करिश्मा बताया है। उन्होंने कहा कि सारे पूर्वानुमान धराशायी हो गए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को सभी ने दिल खोलकर स्वीकार किया है। परवेज ने कहा कि हरियाणा में भाजपा जहां 49 सीटों के साथ तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। वहीं जम्मू-कश्मीर में भाजपा के हिस्से 29 सीटें आई हैं। जिसके साथ हम वहां एक मजबूत विपक्ष की भूमिका में होंगे। कश्मीर के परिणामों ने साबित किया है कि उग्रवाद के खात्मे, धारा 370 को निष्प्रभावी किए जाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के फैसले का घाटी में स्वागत हुआ है। इन निर्णयों के खिलाफ जहर उगलने वाली कांग्रेस मटियामेट हो गई है।



8 अक्टूबर को हरियाणा व जम्मू-कश्मीर में विधानसभा के चुनावी नतीजे सामने आए हैं। इस पर भाजपा नेता परवेज ने केंद्रीय नेतृत्व और प्रदेश संगठन को बधाई प्रेषित की है। उन्होंने कहा कि भाजपा पूर्वानुमानों से भी आगे की सोच रखती है। देशहित सर्वोपरि है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने कर्मयोग से इसे सबसे पहली प्राथमिकता देते अपने संकल्प को सिद्ध किया है। उनके ही नेतृत्व में आज देश की सफलता का ढिंढोरा पूरे विश्व में गूंज रहा है। मोदी आज विश्व के सबसे अधिक लोकप्रिय नेता हैं। देश की आवाम ने उन्हें यह मौका बार-बार दिया है। उन्होंने कहा कि इन चुनावों के नतीजों ने देशभर के भाजपा कार्यकर्ताओं में नए उत्साह का संचार किया है। इससे पहले छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और राजस्थान में भाजपा की बड़ी जीत और अब ये परिणाम आने वाले महीनों में अन्य राज्यों के चुनावी परिणाम का रूख तय करने वाले हैं। विपक्ष इस मुगालते में न रहे कि जनहित के मामलों पर अड़ंगा डालने के बाद भी वे सफल हो सकते हैं। जनता ने उन्हें सीख दी है।

# चाकू दिखाकर मोबाइल छीना, आरोपी पकड़ाया

**राजनांदगांव।** ट्रक चालक को चाकू दिखाकर मोबाइल की झपटमारी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक प्रार्थी ने लालबाग थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 5 अगस्त को वह अपनी गाड़ी 6 चक्का में सामान लेकर भिलाई से गुजरात जा रहे थे। रास्ते में पेंड्री ढाबा के पास खाना खाने रूके थे, हेल्फर गाड़ी में लेटा था और प्रार्थी पीछे गाड़ी में खाना खा रहा था।

उसी दौरान गाड़ी में दो व्यक्ति तांक-झांक कर रहे थे चोर-चोर चिल्लाने पर आवाज सुनकर अपनी गाड़ी के पास आया तो दोनों व्यक्ति ढाबा की ओर चला गया। प्रार्थी भी पीछे गया और ट्रक में क्या कर रहे हो पूछने पर दोनों व्यक्ति ढाबा से सब्जी-प्याज काटने के चाकूनुमा धारदार हथियार को दोनों व्यक्ति उठाकर सिर व सीने के पास वारकर प्रार्थी का रियल मी कंपनी का मोबाइल को बलपूर्वक झपटकर छीनकर भाग गए। ढाबा वाले से पूछने पर चोंट पहुंचाने वाले दोनों व्यक्ति का नाम जया नेताम एवं अन्य एक निवासी अटल आवास पेंड्री का रहने वाला बताया। रिपोर्ट पर थाना लालबाग में धारा 118(1), 304(2), 3(5) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया।

### चाकू जब्त

इस मामले में पुलिस द्वारा विवेचना के दौरान घटनास्थल पेंड्री ढाबा से दो नग चाकू जब्ती किया गया। 8 अक्टूबर को मुखबीर की सूचना पर आरोपी जया नेताम 19 वर्ष को अटल आवास पेंड्री से हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर घटना समय को 1 अन्य के साथ घटनाकारित करने का जुर्म स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

# मोपेड में शराब की तस्करी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** मोपेड में मप्र निर्मित शराब को मोपेड में रखकर तस्करी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। आरोपी से शराब एवं मोपेड जब्त किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बागनदी थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को 7 अक्टूबर को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि एक व्यक्ति ग्रे कलर के होंडा एक्टिवा के सामने पैरदानी में 2 कपड़े के थैला में मप्र ब्रांड का शराब लेकर लेकर देवरी (महाराष्ट्र ) की ओर से बागनदी की ओर जा रही है।

### आरोपी पर कार्रवाई

पुलिस ने आरोपी सन्नी पूर्ती के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी को ज्युडिशियल रिमांड पर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। उक्त कार्रवाई में थाना बागनदी स्टाफ व साइबर सेल का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### 56 बोतल गोवा व्हीस्की बरामद

इस सूचना पर पुलिस नाकाबंदी कर बागनदी से आगे दीवानटोला मोड़ के पास एक ग्रे कलर के होंडा एक्टिवा को रोककर उसमें बैठे एक व्यक्ति के कब्जे में एक्टिवा के सामने पैरदानी के पास दो कपड़े के बैग में मप्र निर्मित गोवा व्हीस्की अंग्रेजी शराब 56 बाटल प्लास्टिक बाटल में भरी हुई, प्रत्येक बाटल की कीमत 545 रुपए अंकित है, कुल शराब की मात्रा 42 बल्क लीटर कीमती 30,520 रुपए का एवं ग्रे कलर के होंडा एक्टिवा को जब्त किया गया।

# अतिक्रमण का हवाला देकर एक परिवार का गांव में हुक्का पानी बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के घुमका क्षेत्र अंतर्गत ग्राम उपरवाह में एक परिवार का हुक्का पानी बंद किए जाने का मामला सामने है। पीड़ित ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर गांव में एक माह से उसके परिवार को बहिष्कृत किए जाने को लेकर न्याय की गुहार लगाई है।

- जिलाधीश से हुई शिकायत

ग्राम उपरवाह निवासी 65 वर्षीय फागूराम साहू पिता परसादी साहू ने कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन के माध्यम से कहा है कि उसने बीते कुछ महत्वपूर्ण अपने कच्चे मकान में पक्की छत ढलाई करवाई है और बारिश की बौछार से बचने के लिए दरवाजे के सामने पोर्च बनवा दिया है, जिसे गांव के कुछ प्रमुख लोगों द्वारा तोड़ने कहा गया।

पीड़ित फागूराम ने जब उसे तोड़ने से इनकार किया तो उसका हुक्का पानी गांव में बंद कर दिया गया।



### गांव की सुविधाओं से बेदखल

पीड़ित ने बताया कि गांव में उसके खेत में कार्य करने से मजदूरों को मना कर दिया गया है। वहीं मवेशियों को चराने वाले चरवाहे को भी बंद कर दिया गया है। जिसकी वजह से मावेशियां घर पर ही बंधी है। इसके अवाला नाई सेवा और किराना दुकानों में सामान देना सहित बोलचाल की भी मनाही कर दी गई है। वहीं गांव में लगे देवी पंडाल में भी उसे और उसके परिवार के लोगों को जाने नहीं दिया जा रहा है। इस मामले में पीड़ित ने नामजद शिकायत की है।

### जिलाधीश से न्याय की गुहार

गांव से बहिष्कृत फागूराम साहू ने कहा कि इस मामले को लेकर उसने घुमका थाना और तहसील में भी आवेदन किया है, लेकिन अब तक जांच के लिए कोई भी नहीं पहुंचा है। उन्होंने कलेक्टर से इस मामले में कार्रवाई की मांग कर न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।

### मार्निंग वॉक में निकले बालक को वाहन ने ठोंका, मौत

**राजनांदगांव।** सुबह के समय मार्निंग वॉक में निकले बालक को हाईवा वाहन ने ठोकर मार दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सागर निवासी दावेन्द्र कुमार 14 वर्ष प्रतिदिन की तरह 7 अक्टूबर को सुबह के समय दौड़ने के लिए निकला हुआ था। इस दौरान कुमरदा के पास मेन रोड में अज्ञात वाहन ने उसे ठोकर मार दिया, जिसे गंभीर अवस्था में उपचार हेतु डोंगरगांव चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की रिपोर्ट प्रार्थी पूरनलाल ठाकुर ने दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात हाईवा वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

# राजा देवव्रत की प्रतिमा का अनावरण कल

**खैरागढ़।** क्षेत्र के जननायक राजा देवव्रत सिंह की प्रतिमा अनावरण को लेकर जारी तमाम कवायदों पर गुरुवार 10 अक्टूबर की दोपहर पूरी तरह से विराम लग जाएगा जब लोगों की जनभावनाओं के अनुरूप दशहरे से पहले प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य में अनावरण होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद संतोष पांडेय करेंगे वहीं विशिष्ट अतिथियों के रूप में विधायक यशोदा वर्मा, जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, जिला भाजपाध्यक्ष व जिपं सभापति घम्मन साहू व जिपं सभापति विप्लव साहू मौजूद रहेंगे। नपा अध्यक्ष के रूप में गिरजा चंद्राकर के मनोनयन बाद आयोजित नपा परिषद की विशेष बैठक में प्रभारी मंत्री के हाथों राजा की प्रतिमा अनावरण संबंधी पारित प्रस्ताव अनुसार कार्यक्रम तय किया गया है।

- परिषद में पारित था प्रभारी मंत्री के हाथों अनावरण का प्रस्ताव



### दशहरे से पहले अनावरण की मांग की थी

प्रतिमा अनावरण को लेकर नगर पालिका की लेटलतीफी से नाराज राजा देवव्रत सिंह के कट्टर समर्थक मनराखन देवांगन ने गांधी जयंती के दिन कांग्रेसियों सहित गणमान्य नागरिकों को एकत्रकर अनावरण कार्यक्रम तय करने में नगर पालिका की लेटलतीफी पर नाराजगी जाहिर कर हस्ताक्षर अभियान के रूप में मुहिम चलाई और महज 24 घंटे बाद जिले भर के सैकड़ों देवव्रत सिंह के समर्थकों साथ पांच हजार से ज्यादा लोगों का हस्ताक्षर पत्र कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा को सौंपकर दशहरे के पूर्व प्रतिमा अनावरण की मांग की थी। प्रभारी मंत्री के हाथों अनावरण कार्यक्रम तय होने से प्रसन्न मनराखन देवांगन ने कहा कि आखिरकार जनभावनाओं के अनुरूप दशहरे से पहले राजा की प्रतिमा का अनावरण उनके सभी समर्थकों के लिए खुशी का अवसर है।



**खबर संक्षेप**

## कटोरी व खोलवा में क्षतिग्रस्त पुल-पुलिया का मरम्मत कार्य प्रारंभ

**हरिभूमि कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर सहसपुर लोहारा विकासखंड के ग्राम कटोरी और खोलवा में बाढ़ के कारण कर्रानाला पर बने क्षतिग्रस्त पुल और पुलिया पहुंचमार्ग का मरम्मत कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इसी प्रकार ग्राम खोलवा के प्राथमिक शाला स्कूल में बंद पड़े निर्माणाधीन अतिरिक्त कक्ष और बालवाडी का कार्य प्रारंभ कर दिया गया। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने विगत दिवस सहसपुर लोहारा विकासखंड के विभिन्न ग्रामों का दौरा करते हुए स्कूल और कर्रानाला के क्षतिग्रस्त पुल-पुलिया का निरीक्षण किया था।

इस दौरान उन्होंने वर्षा के समय कर्रानाला में आई बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुए पुल और पुलिया के मरम्मत के लिए एसडीएम को जल्द से जल्द मरम्मत कार्य कराने के निर्देश दिए थे, ताकि ग्रामीणों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि भविष्य में इस तरह की समस्याओं से बचने के लिए उचित योजना बनाई जाए। ग्राम खोलवा में स्कूल के निरीक्षण के दौरान प्राथमिक शाला स्कूल में निर्माणाधीन अतिरिक्त कक्ष और बालवाड़ी का कार्य बंद था। जिसे कलेक्टर ने कार्य प्रारंभ करने के निर्देश ठेकेदार को दिए थे। कलेक्टर के निर्देश के बाद अतिरिक्त कक्ष और बालवाड़ी निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

सत्तर साल पहले इस मंदिर में चैत्र व शारदीय नवरात्रि में एकल ज्योति प्रज्जवलित करना प्रारंभ की

# मां विंध्यवासिनी अपने भक्तों का वर्षों से कल्याण कर रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कवर्धा नगर के दक्षिण-पश्चिम दिशा में राजनांदगांव मार्ग स्थित मां विंध्यवासिनी देवी अपने भक्तों का वर्षों से कल्याण कर रही हैं। पचास के दशक तक वर्तमान स्थल पर एक कैथ का वृक्ष था, जिसके नीचे एक चबूतरे पर एक पिंडीनुमा आकृति रखा हुआ था इसके चारों ओर कैक्टस की कंटीली झाड़ियां थी। यहां पर कोई आता-जाता नहीं था। थोड़ी दूर पर नगर पालिका का चुंगी नाका था।

इतिहासकार आदित्य श्रीवास्तव ने बताया कि वैसे तो इस मंदिर का कोई लिखित इतिहास नहीं है परंतु जनश्रुति के अनुसार मां विंध्यवासिनी की अनुकंपा सन सत्तर के दशक में सिंघौरी निवासी कुष्ठ रोग से ग्रसित श्रीमती कलिंद्री बाई के ऊपर हुई। कुष्ठ रोग के कारण बस्ती के बाहर इसी स्थल से थोड़ी दूर झोपड़ी बनाकर रहती थी क्योंकि उस जमाने में कुष्ठ ग्रसित व्यक्ति को बस्ती के बाहर रहना पड़ता था। किसी ने उन्हे बताया था कि यहां पर मां विंध्यवासिनी का वास है यहां की मिट्टी को रोज अपने कुष्ठ पर लगाओ तो शीघ्र ठीक हो जाएगी। बस फिर क्या था वह यहां की मिट्टी को रोज अपने घावों पर लगाने लगी और वह कुछ दिनों में ठीक हो गई। कलिंद्री बाई ने पूरे भक्ति भाव से उस चबूतरे पर एक छोटा सा मंदिर का निर्माण करा दिया, धीरे-धीरे इस बात का पता लोगों को लगा तो पिंडीनुमा देवी के प्रति आस्था बढ़ने लगी। स्व दाना भाई पटेल ने तत्कालीन समय में आरा मिल स्थापित किया और धार्मिक विचारों के चलते लगभग सत्तर साल पहले इस मंदिर में चैत्र व शारदीय नवरात्र में एकल ज्योति प्रज्जवलित करना प्रारंभ की।

इस कार्य में खोरबहारा राम जायसवाल, रामनिहोरा जायसवाल सहित बहुत से लोगों ने सहयोग किया, जो अनवरत चलता रहा और श्रद्धालुओं के द्वारा मनोकामना ज्योति से संख्या बढ़ती गई। स्व दाना भाई पटेल की निरंतर सेवा और प्रयास से वर्तमान मंदिर के जीर्णोद्धार का प्रयास प्रारंभ हुआ तब लोगों के सहयोग से भव्य आकार देते हुए माता की मनोहारी मूर्ति लगभग 47 वर्ष पूर्व स्थापित की गई। विशेष बात मंदिर के पुजारी जीवन शर्मा ने बताई कि मूर्ति निर्माण में निचले हिस्से कमर से हृदय तक शरीर में पिंडी को जीवंत मानकर उपयोग किया गया है।

### शारदीय व वासंतिक नवरात्र में मां भगवती नौ दिनों तक मंदिर की छत के ऊपर पताका में ही विराजमान




इतिहासकार श्री श्रीवास्तव ने बताया कि माता विंध्यवासिनी के पौराणिक महात्म्य का अलग-अलग वर्णन शास्त्रों में मिलता है। शिवपुराण में मां विंध्यवासिनी को सती माना गया है तो श्रीमद्भागवत में नंदजा देवी (नंद बाबा की पुत्री) कहा गया है। मां के अन्य नाम कृष्णानुजा, वनदुर्गा भी शास्त्रों में वर्णित हैं। मान्यता है कि शारदीय व वासंतिक नवरात्र में मां भगवती नौ दिनों तक मंदिर की छत के ऊपर पताका में ही विराजमान रहती हैं। इस ध्वज की विशेषता यह है कि यह सूर्य चंद्र पताकिनी के रूप में जाना जाता है। यह निशान सिर्फ मां विंध्यवासिनी देवी के पताका में ही होता है। माता के चमत्कारों और अपने भक्तों पर कृपा का प्रभाव ही है कि विंध्यवासिनी मंदिर में सर्वाधिक ज्योति कलश प्रज्जवलित होती है।

# 11 दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करने उमड़ रही भक्तों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव



विकासखंड पंडरिया के ग्राम धनेली में मां महामाया बोल बम समिति व समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम धनेली में शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर 11 दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत सप्ताहिक ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन किया गया, जिसमें कथा व्यास पं धनंजय दुबे महराज एवं परायणकर्ता पं अमर तिवारी, ग्रामाचार्य प्रमोद शर्मा व मुख्ययजमान श्रीमती संजू भोजराम साहू, श्रीमती मीना संतोष साहू, श्रीमती सोना बीरबल साहू, श्रीमती रेखा द्वारिका साहू एवं श्रीमती पूजा परमेश्वर साहू विराजमान है। कार्यक्रम का सफल संचालक लखन साहू द्वारा किया जा रहा है। वहीं श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ के पंचम दिवस के कथा में कथा व्यास पं धनंजय दुबे ने बताया कि मदिरापान एवं सुरापान करने से क्या हाल होता है उसके बारे में बताया अंत में भगवान शिव जी का विवाह का कथा का भव्य मनमोहक झांकी निकाली गई। जिससे भक्तजन व श्रद्धालुगण भाव विभोर हुए। वही ग्राम धनेली सहित आसपास क्षेत्र में भक्तिमय का माहौल तथा कथा सुनने ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ रही है। वहीं 11 दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा श्रवण कर ग्रामीण अपने जीवन को कृतार्थ कर रहें है।



### राजानवागांव में 11 अक्टूबर को दशहरा कार्यक्रम आयोजित

**हरिभूमि कवर्धा।** ग्राम राजानवागांव में मां नव दुर्गा उत्सव समिति द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ दशहरा उत्सव का कार्यक्रम समस्त ग्रामवासी द्वारा राजानवागांव मेंन रोड़ बाजार चौक में 11 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा। वहीं शारदीय नवरात्र में देवी मंदिरों में ग्रामीणों द्वारा 43 ज्योति कलश प्रज्जवलित किया गया है। दशहरा उत्सव में श्रीराम, लक्ष्मण द्वारा रावण वध का कार्यक्रम किया जाएगा। जिसमें आसपास क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक संख्या मे उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने अपील की गई।

# मेधावी छात्र छात्राओं को चन्द्रनाहू युवा कुर्मी क्षत्रिय समाज ने किया सम्मानित




- 150 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

चन्द्रनाहू युवा कुर्मी क्षत्रिय समाज कवर्धा राज के तत्वाधान में रविवार को कुर्मी क्षत्रिय छात्रावास कवर्धा में मेधावी छात्र-छात्राओं का प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे समाज के 150 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। चंद्रनाहू युवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के द्वारा एमबीबीएस में चयनित विद्यार्थियों, 10वीं तथा 12वीं में 75 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में समाज का नाम रोशन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

चन्द्रनाहू युवा कुर्मी क्षत्रिय समाज जिला अध्यक्ष वीरेंद्र चंद्रवंशी ने बताया कि यह समाज का एक सराहनीय और उत्कृष्ट कार्यक्रम है, जिसमें छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन किया गया। मेधावी छात्र सम्मान से सम्मानित विद्यार्थी चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज की प्रतिभा है। यह कार्यक्रम मुख्य रूप से समाज के प्रतिभावान मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने के मकसद से रखा गया था। जिससे उन्हें देखकर समाज के अन्य बच्चें भी कड़ी मेहनत कर अच्छे अंक प्राप्तकर अपने परिवार, समाज का नाम गौरवान्वित कर सके।

मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करके समाज भावी पीढ़ी के बेहतर भविष्य तैयार कर रहे है, विद्यार्थी देश का वर्तमान और भविष्य होते है। इन्हें बेहतर शिक्षा देकर ही हम उन्नतिशील समाज का निर्माण कर सकते है। समाज को बेहतर माहौल देने के उद्देश्य से समाज द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित व प्रोत्साहित किया गया। जिला अध्यक्ष श्री चंद्रवंशी ने आगे बताया कि समाज की प्रतिभा को आगे बढ़ाने में इस तरह के मंच किसी भी विद्यार्थी के जीवन के लिए मील का पत्थर साबित हो सकते हैं। सकारात्मक एवं अच्छी सोच के साथ परिश्रम करने पर सफलता की मंजिल तक पहुंचने से उन्हें कोई रोक नहीं सकता है। वही इस प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम में जिले भर के चंद्रनाहु कुर्मी क्षत्रिय समाज एवं चंद्रनाहु युवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के पदाधिकारी युवा साथी व कार्यकर्ता गण उपस्थित थें

# हाइब्रिड धान फसल पककर तैयार, ग्रामीण किसान व मजदूर फसल कटाई कार्य में जुटें

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर

जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम नाऊडीह के आश्रित ग्राम जरती व ग्राम नाऊडीह में हाईब्रिड़ धान फसल पककर तैयार हो चुकें है वहीं ग्रामीण किसानों द्वारा धान फसल की कटाई कार्य जोर शोर से किया जा रहा है।

ग्रामीण किसान बद्री प्रसाद वर्मा ने बताया कि बरसात के दिनों में हाइब्रिड धान की रोपाई का कार्य किया गया था अब खेतों में हाइब्रिड धान पककर तैयार हो गई है,



जिसकी कटाई ग्रामीण किसान व मजदूर द्वारा कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जल्द से जल्द हाइब्रिड धान फसल पककर तैयार होने से कटाई कार्य अब धीरे-धीरे शुरू होने लगे हैं।

जैसे-जैसे धान की बालियां परिपक्व होकर तैयार हो रहे हैं वैसे-वैसे धान की कटाई का सिलसिला शुरू हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम नाऊडीह, जरती व आसपास क्षेत्र के ग्रामीण किसानों द्वारा जो हाइब्रिड़ धान फसल की बोआई किया गया था अब हाइब्रिड धान फसल पककर तैयार होने से धान कटाई का कार्य युद्ध स्तर से शुरू हो गई है।

### पीजी कॉलेज में जनजातीय गौरव माह अंतर्गत चित्रकला व भाषण प्रतियोगिता संपन्न



**हरिभूमि कवर्धा।** जिले के अग्रणी महाविद्यालय आचार्य पंथ श्री गृंध मुनि नाम साहब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा में प्राचार्य बीएस चौहान के निर्देशन में उच्च शिक्षा विभाग और महाविद्यालय के तत्वाधान में जनजातीय गौरव माह अंतर्गत जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत, सामाजिक, ऐतिहासिक व आध्यात्मिक योगदान विषय पर चित्रकला व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्राचार्य बीएस चौहान ने जनजातीय समाज के विभिन्न पहलुओं पर तथा विकास पर उद्बोधन दिया। वहीं चित्रकला प्रतियोगिता को डॉ राकेश चंदेल द्वारा व भाषण प्रतियोगिता को रवि यादव द्वारा जज किया गया, जिसमें चित्रकला प्रतियोगिता में देवराज यादव, बीए द्वितीय वर्ष को उत्कृष्ट चित्रकला के लिए व भाषण प्रतियोगिता में खिलेंद्र कोसरे बीएससी प्रथम वर्ष को प्रथम, खुशी परमाल बीएससी प्रथम वर्ष को द्वितीय व लालाराम एमए तृतीय सेमेस्टर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में संयोजक डॉ सीमा मंडावी, सहसंयोजक कृष्णा बंजारे, सहायक प्राध्यापक जय मेहरा, डॉ सुनीता जाखड़, डॉ कविता कन्नौजे, अतिथि व्याख्याता राकेश दानी, राकेश देवांगन, सुश्री अस्मिता श्रीवास्तव व शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# ग्रामीण मां दुर्गा की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त कर रहें

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर

कवर्धा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम दौजरी सहित आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा शारदीय नवरात्र पर्व को लेकर भारी हर्ष व उत्साह का माहौल बना हुआ है। वहीं शहर सहित क्षेत्र के ग्रामीण मां दुर्गा की भक्ति में डूबा हुआ है, वही विधि विधान से मां दुर्गा का पूजा-अर्चना व आरती मे शामिल होने दुर्गा पंडाल पहुंचकर सुख, शांति व समृद्धि के लिए मनोकामना व आशीर्वाद प्राप्त कर रहें है। शहर व गांव-गांव में मां दुर्गा की भव्य व विशाल मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम दौजरी में यज्ञ भवन व मां दुर्गा पंडाल को आकर्षित तरीका से साज सज्जा तथा मनमोहक झालर व लाईट से सजाया गया है। वहीं भक्तजन मां दुर्गा प्रतिमा की पूजा-पाठ व भक्ति में सराभोर है। वहीं शहर तथा आसपास क्षेत्र में भक्तिमय का वातावरण बना हुआ है। उक्त जानकारी नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति अध्यक्ष डॉ चंद्रिका प्रसाद चंद्रवंशी ने दी।

**पाठक सूचना**
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071




### सोनबरसा हाई स्कूल में संकुल स्तरीय शिक्षक पालक मेगा बैठक आयोजित

# बच्चों के सर्वांगिण विकास में पालक व शिक्षक की भूमिका महत्वपूर्ण: वीरेन्द्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले की जनपद पंचायत कवर्धा अंतर्गत ग्राम सोनबरसा में संचालित शासकीय हाई स्कूल में गत दिनो संकुल स्तरीय शिक्षक पालक मेगा बैठक, स्कूली छात्राओं को निःशुल्क वितरण एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत कवर्धा के उपाध्यक्ष वीरेन्द्र साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संतोष कश्यप ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में अशोक कश्यप, महेत्रु कश्यप उपस्थित थे। इस अवसर पर उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए वीरेन्द्र साहू ने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण अवसर है जहां हम सब एक साथ मिलकर बच्चों के भविष्य की नींव को और भी मजबूत बनाने का प्रयास करते हैं। आप सभी का यहां उपस्थित होना इस बात का प्रमाण है कि आप अपने बच्चों की शिक्षा और उनके भविष्य के प्रति कितने सजग और संवेदनशील हैं। हम सभी जानते हैं कि बच्चों की शिक्षा में स्कूल और घर, दोनों की ही महत्वपूर्ण भूमिका होती है। शिक्षक स्कूल में बच्चों को सही दिशा देने का कार्य करते हैं, तो माता-पिता घर पर उन्हें प्रोत्साहित और मार्गदर्शन करते हैं। दोनों का समन्वय ही बच्चों की सम्पूर्ण विकास की कुंजी है। आज की इस बैठक का उद्देश्य है कि हम सब मिलकर बच्चों की प्रगति, उनकी समस्याओं और उनकी जरूरतों पर चर्चा करें। यह एक ऐसा मंच है जहां हम अपने विचारों और सुझावों को साझा कर सकते हैं, ताकि हम एक बेहतर शैक्षिक वातावरण प्रदान कर सकें। शिक्षकों ने बच्चों के शैक्षिक प्रदर्शन और उनके व्यवहारिक विकास के बारे में विस्तृत जानकारी दी है। हमें बच्चों की उपलब्धियों पर गर्व है, लेकिन हमें यह भी देखना होगा कि किन क्षेत्रों में सुधार की जरूरत है। हर बच्चे की अपनी एक विशेषता होती है और हमें उसकी पहचान कर उसे प्रोत्साहित करना है। उन्होने बच्चों के पालकों से अनुरोध किया कि वे नियमित रूप से अपने बच्चों के साथ समय बिताएं, उनकी समस्याओं को समझें और उनका समाधान करें। उनके शैक्षिक और मानसिक विकास के लिए यह बहुत जरूरी है। बच्चों के साथ संवाद बनाए रखें, उन्हें अपने अनुभव और ज्ञान से लाभान्वित करें। उन्होने आव्हान किया कि हमारा मुख्य उद्देश्य है बच्चों का सर्वांगीण विकास। हम सब मिलकर एक टीम की तरह काम करें और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए एक मजबूत नींव रखें। बैठक में पदाधिकारी व शिक्षक शिक्षिकाएं सहित बड़ी संख्या में पालक उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप



### स्वदेशी मेला आयोजन स्थल का भूमिपूजन

**कवर्धा।** स्थानीय पीजी कॉलेज मैदान में 17 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले स्वदेशी मेला की तैयारियों की शुरुआत मेला स्थल पर भूमिपूजन कर की गई। सोमवार को किए गए भूमिपूजन कार्यक्रम में राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडे ने सपत्नीक उपस्थित थे। जिन्होने विधिविधान से भूमिपूजन कार्य पूर्ण किया। स्वदेशी जागरण फाउंडेशन की इकाई भारतीय विपणन विकास केंद्र द्वारा छत्तीसगढ़ के महानगरों में लगातार इस तरह के स्वदेशी मेले का सफल आयोजन किया जाता रहा है। पहली बार कवर्धा में इसका आयोजन किया जा रहा है । इस मेले में भारत के विभिन्न राज्यों से स्वदेशी उत्पादों के हैंडीक्राफ्ट, हैंडलूम के अलावा लखनऊ, बिहार,मध्यप्रदेश, दिल्ली,पंजाब और कश्मीर तक के स्टाल की प्रदर्शनी लगेगी साथ ही प्रतिदिन भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन होगा।

### मानिकचौरी की सरपंच पद पर पुनः बहाल

**कवर्धा।** ग्राम पंचायत मानिकचौरी की सरपंच सत्यभामा साहू को उच्च न्यायालय बिलासपुर ने बड़ी राहत दी है। न्यायालय ने उसे सरपंच पद से हटाए जाने के आदेश पर रोक लगाते हुए पुनः सरपंच पद पर बहाल कर दिया है। यह आदेश सत्यभामा साहू द्वारा दायर याचिका क्रमांक डब्लूपीसी क्रमांक 4848/2024 पर सुनवाई करते हुए दिया गया है। न्यायालय ने उनके पदच्युति आदेश पर रोक लगाते हुए उन्हें दिनांक 18 सितम्बर 2024 की पूर्व स्थिति में बहाल करने का निर्देश दिया। इसके तहत अब उन्हें फिर से सरपंच पद का कार्यभार सौंपा जाएगा। सत्यभामा साहू की पुनः बहाली से ग्राम में खुशी की लहर है। ग्रामीणों का कहना है कि यह न्याय की जीत है और वे सत्यभामा साहू के नेतृत्व में ग्राम के विकास कार्यों में तेजी की उम्मीद करते हैं। सरपंच ने उच्च न्यायालय का आभार व्यक्त किया और कहा कि वे हमेशा की तरह ग्रामहित में कार्य करती रहेंगी।



### ग्रामीणों को कराई गई रतनपुर की यात्रा



**स.लोहारा।** विकासखण्ड स. लोहारा के ग्राम पंचायत बिड़ौरा की सरपंच श्रीमति माधुरी विनोद वर्मा धनगांव के द्वारा बिडोरा, धनगांव एवं नूंनछापर के ग्रामवासियों को रतनपुर महमाया देवी का दर्शन करवाया गया।

# जिले में स्वच्छता का राग और धड़ल्ले से जारी है प्रतिबंधित अमानक पॉलीथिन का उपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा/बरबसपुर

एक तरफ अभी हाल में 2 अक्टूबर तक शासन-प्रशासन तथा जनमानस द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया है और स्वच्छता की शपथ लेने के साथ ही स्वच्छता को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया है। वहीं दूसरी तरफ सीधे तौर पर पर्यावरण प्रदूषित करने वाली अमानक पॉलिथिन का उपयोग कबीरधाम जिले के शहरी क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण और वनांचलों में प्रतिबंधके बावजूद धड़ल्ले से हो रहा है। जिसकी तरफ न तो शासन-प्रशासन का कोई ध्यान है और न ही लोग इससे गुरेज कर रहे हैं। समय-समय पर प्रशासन का अभियान भी मात्र कोरी रस्म बनकर रह गया है। पूर्व में प्रशासन ने अभियान चलाकर सख्ती भी की थी। बावजूद पॉलीथिन के उपयोग पर रोक नहीं लग सकी है। हालात यह है कि शहर से लेकर गांवों में और यहां तक वनांचलों में भी बेरोकटोक अमानक पॉलीथिन का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसका खामियाजा पशुओं को अपनी जान गंवाकर चुकाना पड़ रहा है। वहीं इससे पर्यावरण को भी भारी नुकसान हो रहा है। दरअसल बाजार हाट करने वाले लोग सामान ले जाने के लिए अपने घरों से झोला लाने की जहमत नहीं उठाते तो वहीं अपने ग्राहकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कम कीमत में उपलब्ध होने के कारण दुकानदार भी पॉलीथिन का मोह छोड़ नहीं पा रहे हैं और वे प्रायः हर सामान पॉलीथिन में भरकर बेंच रहे हैं। जिस पर स्थानीय प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। इसी प्रकार विभिन्न अवसरों पर अमानक डिस्पोजल का भी उपयोग धड़ल्ले से हो रहा है। यह उत्पाद भी प्रायः हर छोटी बड़ी दुकान में बड़ी सुगमता व सहजता से लोगों को बेंचा जा रहा है।

### गायों के पेट से निकलते हैं पॉलीथिन के गुच्छे



पॉलीथिन के इस्तेमाल का खामियाजा मवेशियों को अपनी जान गंवा कर चुकाना पड़ रहा है। उपयोग में लेने के बाद फेंकी जाने वाली पॉलीथिन खाने से पशु अकाल मौत के शिकार हो रहे हैं। खासतौर से गायों के लिए पॉलीथिन जहर साबित हो रही है। बीमार हालत में ज्यादातर गायों की मौत के बाद उनके पेट से पॉलीथिन के गुच्छे निकल रहे हैं। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि इसे कोई भी गंभीरता से नही ले रहा है।

### बिक्री योग्य पॉलीथिन का मापदंड निर्धारित

जानकारी के मुताबिक पॉलीथिन विक्रय के लिए मापदंड तय किए गए हैं। इसके अनुसार सामान खरीदने के उपयोग में आने वाली पॉलीथिन केरी बैग 20 माइक्रोन से मोटी, दो ग्राम वजनी और 7 गुणा 12 साइज की होनी चाहिए। इससे कम माइक्रोन के पॉलीथिन बैग का इस्तेमाल एक दंडनीय है।

**जांच: एसआईटी ने भी माना कोमल साहू ने की थी आत्महत्या**

# बहुचर्चित कोमल साहू की संदिग्ध मौत की आई एसआईटी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के पिपरिया थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम बिरकोना के बहुचर्चित कोमल साहू की संदिग्ध मौत के मामले में परिजनो व साहू समाज की मांग पर जांच के लिए गठित एसआईटी ने अपनी रिपोर्ट पेश कर दी है। जिसमें एसआईटी ने न सिर्फ पिपरिया पुलिस को क्लीन चिट दे दी है बल्कि मृतक के परिजनो द्वारा लगाए गए हत्या के आरोपों को भी नकार दिया है। जानकारी के मुताबिक एसआईअी ने कोमल साहू की मौत की वजह आत्महत्या ही माना है, हां इतना जरूर है कि जांच टीम ने कोमल साहू को आत्महत्या के लिए प्रेरित किए जाने के आरोप में धारा 306(34) के तहत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया है। जिसमें एक पुरूष तथा मृतक की पत्नी शामिल है। गौरतलब है कि करीब 6 माह पूर्व 7 मई 2024 की सुबह स्थानीय लोगों ने पिपरिया थाना क्षेत्र के ग्राम धरमपुरा दुभा रोड पर स्थित चरोटा खार के एक बबूल पेड़ में युवक की लाश फांसी के फंदे में झूलते हुए देखी थी। जिसके बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। बाद में घटना की जानकारी पिपरिया पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक की पहचान ग्राम बिरकोना निवासी कोमल साहू पिता स्व. प्रेमलाल साहू के रूप में कराई थी। पहचान के बाद मृतक के बड़े भाई मनोज साहू तथा अन्य ग्रामीणों ने शव की स्थिति तथा घटना स्थल की परिस्थियों को देखते हुए कोमल साहू की मौत को संदिग्ध बताते हुए इसे हत्या करार दिया था। जिस पर पिपरिया पुलिस ने मर्ग क्रमांक 19/24 धारा 174 जाफौ के तहत मामला दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया था। लेकिन जांच उपरांत पिपरिया पुलिस ने इसे आत्महत्या करार दे दिया। जिससे न तो मृतक के परिजन संतुष्ट थे और न ही ग्रामीण और साहू समाज। यही वजह है कि उन्होंने इस मामले को सामाजिक स्तर पर रखा और कोमल साहू की संदिग्ध मौत की जांच तथा दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर प्रदेश के गृह मंत्री तथा कवर्धा विधायक से भी मुलाकात कर अपना पक्ष रखा। जिसके बाद गृह मंत्री ने मामले की सूक्ष्म जांच के लिए बेमेतरा पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार साहू के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन कर दिया। गृह मंत्री के आदेश के मुताबिक गठित एसआईटी को वैसे तो गठन के एक हप्ते में अपनी जांच रिपोर्ट सौंपनी थी लेकिन टीम ने इसमें निर्धारित समय से कहीं ज्यादा समय लेते हुए अब अपनी जो रिपोर्ट सौंपी है उसके मुताबिक कोमल साहू ने आत्महत्या की है लेकिन उसे आत्महत्या के लिए उसकी गांव के निवासी बालाराम जायसवाल तथा मृतक की पत्नी रेवती बाई ने प्रेरित किया है।



### पत्नी के अवैध संबंध से डिप्रेसन में रहता था मृतक

एसआईटी की जांच रिपोर्ट में यह भी खुलासा किया गया है कि रेवती बाई और बालाराम के बीच अवैध संबंध थे और बालाराम अक्सर कोमल साहू के घर आना जाना करता था जो कोमल साहू को पसंद नहीं था और इस बात को लेकर उसका हमेशा अपनी पत्नी के साथ विवाद होते रहता था। घटना दिनांक की रात में भी रेवती और कोमल के बीच विवाद हुआ था जिसके बाद सुबह कोमल का शव फांसी के फंदे में लटका पाया गया था। यही वजह है कि इस मामले में पुलिस ने आरोपी रेवती साहू और बालाराम जायसवाल को धारा 306(34) के तहत गिरफ्तार किया है।



# तंत्रमंत्र का झांसा देकर पीड़िता से शारीरिक शोषण व की गई ठगी

- पीड़िता की शिकायत पर आरोपी मध्यप्रदेश के नैनपुर से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम जिले में एक बार फिर सनसनीखेज मामला सामने आया है। जिसमें आरोपी ने अपना नाम छिपाकर तंत्र मंत्र के जरिए पीड़िता के जेल में बंद पति को छुड़ाने का झांसा देकर न सिर्फ उसका शारीरिक शोषण किया है बल्की उससे करीब 3 लाख रूपए की ठगी भी की है। पीड़िता की रपट पर कवर्धा कोतवाली पुलिस ने फौरी कार्यवाही करते हुए आरोपी को मध्यप्रदेश के नैनपुर से गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता ने सिटी कोतवाली कवर्धा में आकर रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि करीब 6 महिने पहले कवर्धा की एक चाय दुकान में उसकी मुलाकात एक युवक से हुई थी। जिसने अपना नाम राजू सिंह बताया था जबकि उसका वास्तविक नाम साहिल खान है। पीड़िता के मुताबिक साहिल खान उससे राजू सिंह बनकर बात करने का प्रयास कर रहा था लेकिन उस समय उसने उसे वहां से भगा दिया। बाद में राजू पीड़िता की जानकारी तथा पता जुटाकर सीधे उसके घर पहुंच गया। पीड़िता का पति धारा 307 के मामले में जेल में बंद है। आरोपी ने इसी का फायदा उठाते हुए पीड़िता को उसके पति को जेल से छुड़ाने का झांसा देकर उसका शारीरिक, आर्थिक तथा मानसिक शोषण किया। आरोपी ने पीड़िता को झांसा दिया कि हिंदू रीति-रिवाज से तंत्र- मंत्र करवाने से उसका पति जेल से बाहर आ जाएगा। जिस पर पीड़िता राजी हो गई। जिसके बाद आरोपी युवक ने वकील को पैसे देने के नाम पर 6 महिने में 3 लाख रुपए भी पीड़िता से एंठ लिए। इतना ही नहीं पीड़िता की माने तो कुछ दिन बाद आरोपी साहिल खान फिर उसके घर आया और तंत्र- मंत्र के नाम पर शारीरिक संबंध बनाने को कहा। जिस पर पीड़िता ने मना कर दिया। लेकिन वह इसके लिए पीड़िता पर लगातार दबाव बनाने लगा कि, मैं उसके पति को छुड़वा दूंगा लेकिन इसके लिए उसे उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया होगा। लाचार और मजबूर पीड़िता ने इसके लिए भी हामी भर दी। जिसका फायदा उठाते हुए आरोपी युवक ने तक़रीबन 4-5 बार उसे संबंध बनाया लेकिन तब भी पीड़िता के पति की रिहाई नहीं हुई। जिसके बाद पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ कवर्धा कोतवाली में रपट दर्ज करा दी। पीड़िता की शिकायत पर अब पुलिस ने आरोपी को धारा 65(2)(जे), 64(2)(एम), 318(4) बीएनएस के अंतर्गत गिरफ्तार कर लिया है।

### आरोपी छिपाता था अपनी पहचान

कवर्धा कोतवाली पुलिस के मुताबिक आरोपी साहिल खान ने अपनी पहचान छिपाने के लिए फर्जी आधार कार्ड भी बनवा रखा था जिसमें उसका नाम राजू सिंह अंकित है। पुलिस के मुताबिक वह इसी आधार कार्ड के जरिए अपनी पहचान छिपाकर महिलाओं को फंसाता था। माना जा रहा है कि जिस ढंग से साहिल ने इस महिला को अपने झांसे में लेकर उसका शारीरिक, आर्थिक तथा मानसिक शोषण किया है वैसे ही उसने अन्य लोगों के साथ भी किया है। जिसकी जांच की जा रही है।

## प्राचार्य डॉ. रमेश नेशनल बेस्ट सोशियल वर्कर एवं नेशनल बेस्ट टीचर अवार्ड से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शासकीय हाई स्कूल छिरहा के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी को राष्ट्रीय स्तर के दो पुरस्कार नेशनल बेस्ट सोशियल वर्कर अवार्ड एवं नेशनल बेस्ट टीचर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय तथा लघु, कुटीर एवं मध्यम उपक्रम मंत्रालय से पंजीकृत संस्थान वर्ल्ड चैरिटी वेलफेयर फाउंडेशन दिल्ली द्वारा प्रदान किया गया है। शिक्षा और सामाजिक कल्याण के प्रति उनके समर्पण एवं उत्कृष्ट योगदान से समुदाय को मिले लाभ को दृष्टिगत रखते हुए प्रतिष्ठित सम्मान नेशनल बेस्ट सोशियल वर्कर अवार्ड-2024 से सम्मानित किया गया है। इसी प्रकार शिक्षा के प्रति उनके उल्लेखनीय प्रतिबद्धता, अभिनव शिक्षण पद्धतियों से छात्रों पर पड़े प्रभाव एवं शिक्षा में उत्कृष्टता के लिए नेशनल बेस्ट टीचर अवार्ड-2024 से सम्मानित किया गया है। वर्ल्ड रिकार्ड बनाकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना पहचान बना चुके डॉ. रमेश चन्द्रवंशी को इससे पहले भी कई पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए उनका चयन राज्यपाल पुरस्कार-2024 के लिए भी किया जा चुका है। उनके इस उपलब्धि पर परिजनों, मित्रों, शिक्षकों व संघ पदाधिकारियों ने बधाई दिया है। डॉ. चन्द्रवंशी ने इस उपलब्धि को प्राप्त करने में प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष सहयोग प्रदान करने वालों सहित सभी शुभचिंतकों के प्रति आभार व्यक्त किया है।



## लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं जयंती पर विविध कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ स.लोहारा

लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं जयंती के अवसर पर समिति खंड सहसपुर लोहारा द्वारा गत दिनो आईटीआई कालेज परिसर में रंगोली प्रतियोगिता एवं व्याख्यानमाला का शानदार आयोजन किया गया। इस व्याख्यानमाला में फिशरिज कालेज के वैज्ञानिक दुष्यंत दामले मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे। उन्होनें अपने उद्बोधन में रानी अहिल्याबाई होलकर की जीवनी को लेकर शानदार तरीके से व्याख्यान दिया। उनके द्वारा कही गई ज्ञानवर्धक जानकारियों से बच्चे अत्यंत प्रभावित हुए। इस अवसर पर ग्राम बीरनपुर के पूर्व सरपंच परेटन वर्मा ने अहिल्याबाई होलकर के अनेक दृष्टांत बच्चों को बताए एवं पर्यावरण, नशा तथा अपनी भारतीय परंपरा संस्कृति पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन खंड संयोजक अजय बागडे ने किया। आभार खंड के सचिव भूललाल पटेल ने किया। इसके पूर्व खंड के सह संयोजक महेन्द्र श्रीवास्तव ने अतिथियों का पुष्प माला से स्वागत किया। अतिथियों ने छात्रों द्वारा बनाए गए रंगोली का निरीक्षण कर प्रथम, द्वितीय आने वाले छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



**प्रधानमंत्री आवास मेला आज उपमुख्यमंत्री जिले के 22 हजार परिवारों को देंगे पीएम आवास की सौगात**

# मोदी की गांरटी से जिले के 22 हजार से अधिक परिवारों का पक्का मकान का सपना हो रहा पूरा





हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



आदि-शक्ति के प्रतीक नवरात्र पर्व पर देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की गांरटी से कबीरधाम जिले के 22 हजार से अधिक आवासहीन परिवारों के लिए 9 अक्टूबर को खुशियों की बरसात होने वाली है। इन सभी परिवारों का पक्का मकान का सपना पूरा होने जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से कवर्धा में 9 अक्टूबर बुधवार को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत एक दिवसीय आवास मेला का आयोजन होगा। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा बुधवार को सुबह 11 बजे आवास मेला का विधिवत शुभारंभ करेंगे। यह आयोजन पीजी कॉलेज स्टेडियम (डोम) में होगा। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा कबीरधाम जिले के पीएम आवास योजना के 22 हजार लाभार्थियों स्वीकृति पत्र तथा चाबी भेंट करेंगे। इन लाभार्थियों में लभग 18 हजार नए हितग्राही है, जिनका पीएम आवासी की स्वीकृति मिली है जिन्हे स्वीकृति पत्र दिया जाएगा साथ ही लगभग 4 हजार ऐसे लाभार्थी है, जिनका पीएम आवास योजना से पक्का मकान का सपना पूरा हो चुका है। उन सभी परिवारों को उनके आवास की चाबी भेंट की जाएगी। इस मेले में जिले के चयनित हो चुके 294 आवास मित्रो को रोजगार चयन पत्र भी सौपा जाएगा। इस आसास मेले में ऐसे जनप्रतिनिधियों को सम्मान किया जाएगा, जिन्होंने आवासहीन परिवारों के लिए उनके पक्का आवास का हक दिलाने में अपना योगदान दिए है। इस मेले में 250 से अधिक प्रशिक्षित राजमिस्त्रियों को भी प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे, जिससे रोजगार के नए द्वार खुलेंगे। प्रधानमंत्री आवास मेला में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय सांसद श्री संतोष पांडेय करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पंडरिया विधायक श्रीमती भवना बोहरा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला रामकुमार भट्,जनपद अध्यक्ष श्रीमती इन्द्राणी दिनेश चन्द्रवंशी, श्रीमती अमिता मरकाम, श्रीमती लीला बाई वर्मा, श्रीमती समुंद बाई कुर्रे सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिला पंचायत सीईओ श्री संदीप अग्रवाल सहित प्रशासनिक अधिकारियों के साथ आवास मेला स्थल की तैयारियों का निरीक्षण किया। आवास मेला में स्वास्थ्य विभाग द्वारा हेल्थ कैंप लीड बैंक द्वारा बैंकिंग सुविधाओं के लिए कैम्प और खाद्य विभाग द्वारा राशन कार्ड आदि के लिए स्टॉल लगाया जाएगा। आवास मेला में स्वीकृत हुए प्रधानमंत्री आवास बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा निर्माण कार्य के प्रमुख विषयों पर हितग्राहियों का मार्गदर्शन किया जाएगा। साथ ही भवन निर्माण के लिए उपयोग होने वाले सामग्रियों की गुणवत्ता के बारे में भी जानकारी दी जाएगी, जिससे कि गुणवत्तापूर्ण आवास का निर्माण हो सकें।

### प्रथम चरण पर 18848 से अधिक ग्रामीण परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कबीरधाम जिले के 30944 आवासहीन ग्रामीण परिवारों के लिए आवास स्वीकृत की कार्रवाई की जा रही है। जिसमें प्रथम चरण पर 18848 से अधिक ग्रामीण परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति जिला प्रशासन द्वारा दी जा चुकी है। शेष बचे हुए हितग्राहियों के आवास स्वीकृत का कार्य निरंतर जारी है।

# संगठन के जिला प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर एवं तहसीलदार से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छग अनुसूचित जन जाति शासकीय सेवक विकास संघ एवं छग सर्व आदिवासी समाज के प्रतिनिधि मंडल ने बीते सोमवार को नव पदस्थ जिलाधीश गोपाल वर्मा एवं तहसीलदार रेंगाखार परमेश्वर मंडावी से सौजन्य मुलाकात कर गुलदस्ता भेंट किया गया। इस दौरान संगठन ने अधिकारियों को समाज के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। इसी प्रकार डॉ. एसआर चुरेंद्र सेवानिवृत्त सिविल सर्जन बेमेतरा एवं जिला संरक्षक को कुशलता पूर्वक शासकीय सेवा पूर्ण करने पर संगठन के पदाधिकारियों ने निज निवास में उपस्थित होकर आदिवासी परंपरा अनुरूप पीला गमछा, गुलदस्ता एवं स्मृति चिन्ह भेट किया गया साथ ही समाज सेवा के क्षेत्र में उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों और उनके योगदान प्रशंसा की। इस अवसर पर डॉ. चुरेन्द्र ने आगे भी सामाजिक सेवा के लिए हमेशा अपनी महती भूमिका अदा करने की बात कही। वहीं विगत दिनों पिकअप वाहन के पलटने से घायल हुए ग्राम मजगांव स लोहारा के सामाजिक लोगों से संगठन के पदाधिकारियों ने जिला चिकित्सालय पहुंचकर मुलाकात की और उनका हालचाल जाना तथा उन्हें उचित चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने की बात कही। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष आसकरण सिंह धुर्वे, सुदर्शन नेताम, रोहित कुमार धुर्वे, विनय ध्रुव, कैलाश मंडावी, मीनाक्षी धुर्वे, मानकुंवर धूमकेती, सुखनंदन धुर्वे, राजकुमारी धुर्वे, कुसुमलता धुर्वे, देवकुमारी ठाकुर, कल्पना मरावी, फागू मरावी, दिलीप कुमार धुर्वे, महेश मरावी, हुकमी धुर्वे, रेवती धुर्वे, संतोषी धुर्वे, भगेला मरावी आदि उपस्थित थे।

